वर्ष- 21 अंक - 334 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, बुधवार 20 मई 2026

## आज मप्र की ट्रांसफर पॉलिसी पर फैसला

भोपाल.एजेंसी। आज मध्यप्रदेश की मोहन यादव कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा और निर्णय हो सकते हैं। बैठक में सबसे अहम विषय तबादला नीति को माना जा रहा है। नई तबादला नीति में कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक आधार पर होने वाले तबादलों के साथ-साथ स्वैच्छिक तबादलों पर विशेष जोर दिया गया है।





# रोम में मोदी का भव्य स्वागत
## मेलोनी बोलीं- आपका स्वागत है मेरे दोस्त

रोम ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली के दौरे पर हैं। रोम पहुंचने पर इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने उनका जबरदस्त स्वागत किया। मेलोनी ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेते हुए कहा– इटली में आपका स्वागत है मेरे। दोस्त इस दौरे पर एक बार फिर मोदी की 'कार डिप्लमोसी' देखी गई है। मोदी और मेलोनी रोम में एक ही कार में सवार दिखे। मोदी इससे पहले रूसी प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन और इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भी एक कार से चल चुके हैं। दोनों नेता रोम के

### दोनों पहुंचे ऐतिहासिक कॉलीजियम, एक ही कार में हुए सवार

ऐतिहासिक कॉलीजियम पहुंचे जिसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई। दोनों के बीच कई अहम मुद्दों पर बात हुई। आज भी बैठक होगी। पिछले 4 साल में 7 बार मोदी और मेलोनी की मुलाकात हो चुकी है। इटली में होटल पहुंचने पर मोदी का प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

### मोदी और ट्रंप की अगले महीने होगी मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगले महीने मुलाकात हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप फ्रांस में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। 15 से 17 जून को होने वाली यह बैठक फ्रांस के एवियन-लेस-बैंस में होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने पीएम मोदी को जी7 शिखर सम्मेलन में बुलाया किया है।

## मायावती ने राहुल के दूतों को वापस लौटाया

लखनऊ.एजेंसी। उत्तरप्रदेश में होने वाले चुनाव के लिए कांग्रेस अब मायावती की पार्टी बसपा से गठबंधन करना चाहती है, लेकिन राहुल गांधी का संदेश लेकर मायावती के दरवाजे पर पहुंचे कांग्रेस नेताओं को बैरंग लौटना पड़ा। मायावती ने मिलने से इनकार कर दिया। कांग्रेस नेता गेट पर अपना नाम लिखवाकर लौट आए। कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल गौतम, तनुज पुनिया व अन्य नेता मायावती के घर पहुंचे थे, लेकिन मायावती ने इनसे मुलाकात नहीं की।

## देशभर में आज दवा दुकानों की हड़ताल

बुधवार.एजेंसी। ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म्स द्वारा दवाओं की ऑनलाइन बिक्री और भारी डिस्काउंटिंग के विरोध में आज 'ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स' की तरफ से 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है, जिसके कारण आज देशभर की 15 लाख दवा दुकानें बंद हैं।

## शेयर बाजार में हाहाकार सेंसेक्स 600 अंक गिरा रुपया ऑल टाइम लो पर



नई दिल्ली ● एजेंसी

एशियाई बाजारों में गिरावट और मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज गिरावट आई है। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स में करीब 600 अंक की गिरावट आई जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 इंडेक्स करीब 23,450 अंक से नीचे आ गया। इस बीच डॉलर के मुकाबले रुपया आज 0.3 फीसदी गिरावट के साथ रेकॉर्ड लो पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 41 पैसे फिसलकर 96.96 पर आ गया। उधर कच्चे तेल के भाव 110 के पार हो गए हैं, जिसके कारण अब होर्मुज में अब नाटो की एंट्री हो सकती है।

## अमरनाथ यात्रा पर आतंकी हमले का अलर्ट

जम्मू.एजेंसी। अमरनाथ यात्रा से पहले जम्मू संभाग के पहाड़ी इलाकों में एक बार फिर आतंकियों की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। पुंछ के एलओसी से सटे कृष्णा घाटी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। खुफिया इनपुट के मुताबिक पुंछ, राजोरी, किश्तवाड़, डोडा और ऊधमपुर के जंगलों व ऊंचाई वाले इलाकों में आतंकियों की मूवमेंट देखी जा रही है।

## एक्टर विजय की सरकार से समर्थन वापस लेगा लेफ्ट

चेन्नई.एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलपति विजय की पार्टी 'तमिझगा वेत्री कझगम' (टीवीके) की सरकार को बाहर से सपोर्ट कर रही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सरकार से अपना समर्थन वापस लेने की खुली धमकी दे दी है। माकपा ने साफ कर दिया है कि अगर टीवीके ने प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के साथ कोई भी समझौता किया या उन्हें कैबिनेट में शामिल करने की कोशिश की, तो वे अपने फैसले पर तुरंत पुनर्विचार करेंगे।

## अब पंजाब में भी सिखों की आबादी बढ़ाने की मुहिम

चंडीगढ़.एजेंसी। पंजाब भाजपा के महासचिव और पूर्व आईएएस अधिकारी जगमोहन राजू ने पंजाब में आबादी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री मान को चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने मांग की कि सिख परिवार में तीसरा बच्चा पैदा होने पर 30 हजार रुपए और चौथे बच्चे के जन्म पर 40 हजार रुपए दिए जाएं।

## ट्रंप के खिलाफ बगावत

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिका की सीनेट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा। ईरान युद्ध को सीमित करने वाले प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान उसके ही चार सांसदों ने अपनी पार्टी के खिलाफ जाकर डेमोक्रेट्स का साथ दे दिया। यह प्रस्ताव वॉर पॉवर्स एक्ट के तहत राष्ट्रपति की सैन्य कार्रवाई की शक्तियों को सीमित करने से जुड़ा है।

## एक साथ चुनाव हुए तो बचेंगे 7 लाख करोड़

अहमदाबाद.एजेंसी। एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव पर विचार-विमर्श कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने पर देश को सात लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है और बचाई गई इस राशि का इस्तेमाल विकास कार्यों के लिए किया जा सकता है।

## बंगाल में अब धर्म आधारित आरक्षण खत्म!

कोलकाता.एजेंसी। पश्चिम बंगाल सरकार ने धर्म आधारित वर्गीकरण योजनाओं को बंद कर दिया और 2010 से पहले राज्य की ओबीसी आरक्षण सूची में शामिल 66 समुदायों को नियमित कर दिया, जिससे सात फीसदी कोटे के लिए उनकी पात्रता बहाल हो गई।

# 60 का हूं, लड़ना नहीं भूला

ऐसे सौ जला दूंगा...

आधी रात सलमान ने किए चार पोस्ट



मुंबई.एजेंसी। 19 मई की शाम सलमान खान को ट्रैफिक सिग्नल पर देखने के बाद कुछ पैपराजी फोटोग्राफर्स ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया था। एक्टर मुंबई के हिंदुजा अस्पताल जा रहे थे। उनके अस्पताल से बाहर आने के बाद पैपराजी ने उन्हें आवाज लगाना शुरू कर दिया। इस हरकत पर सलमान खान ने अपनी नाराजगी जताई है। इंस्टाग्राम पर सलमान ने आधी रात को चार अलग-अलग फोटोज के साथ मैसेज लिखे। उन्होंने लिखा, 'साठ साल का हो गया हूं, लेकिन लड़ना नहीं भूला। ये बात ध्यान में रख लेना। जेल में डाल दोगे? हा हा हा...' आगे उन्होंने एक और पोस्ट के साथ लिखा, 'ऐसे में सौ जला दूंगा

# कांग्रेस चाहती है महापौर का इस्तीफा और अपर आयुक्त की बदली

## दल जाएगा कल आयुक्त के पास, बाद में देंगे राजवाड़ा पर धरना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर में मौजूद पानी के संकट के लिए जिम्मेदारी का निर्धारण करते हुए कांग्रेस के द्वारा महापौर से इस्तीफा मांगा जाएगा। इसके साथ ही अपर आयुक्त को बदलने के लिए कल गुरुवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आयुक्त से मिलेगा।**

इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि इस समय पूरा शहर पानी के संकट से परेशान है। जनता को इस परेशानी से मुक्ति दिलाने की दिशा में प्रयास करने के बजाय महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा पुराने महापौर पर पानी की व्यवस्था के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की जा रही है। हम यह नहीं कहते हैं कि पुराने महापौर ने पानी के लिए काम अच्छा किया था। हमारा तो यह कहना है कि वर्तमान में महापौर को पानी की व्यवस्था करने पर ध्यान देना चाहिए ना की दोषारोपण के काम पर। ऐसी स्थिति में महापौर के इस्तीफे की मांग को लेकर अगले सप्ताह कांग्रेस के द्वारा एक बड़ा आंदोलन करते हुए राजवाड़ा पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पानी का वर्तमान संकट अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण ज्यादा गंभीर हुआ है। ऐसे में आवश्यक है कि पानी के काम को देखने वाले अपर आयुक्त को बदल दिया जाएं। यह कार्य पूरी तरह से इंदौर नगर निगम के आयुक्त के हाथ में है। उनके द्वारा ही सभी अपर आयुक्त में कार्य का विभाजन किया जाता है। इस स्थिति में कल गुरुवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आयुक्त से मिलेगा और पानी के काम को देखने वाले अपर आयुक्त को बदलने की मांग करेगा।

# पानी की कमी को लेकर हस्ताक्षर अभियान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सेवा सेतु संगठन द्वारा शैलेष त्रिपाठी और हिमांशु यादव के नेतृत्व में फूटी कोठी चौराहा पर रवि वर्मा,संजय तिसगावकर के माध्यम से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह अभियान इन्दौर के सभी 85 वार्डों में पानी







की कमी को लेकर चलाया गया। हस्ताक्षर के दौरान यह भी बताया कि नल एक दिन छोडकर आते है उसमें भी कई बार नल नहीं आते है, शुरू में गंदा पानी आता है, प्रेशर भी कम आ रहा है, निगम पूरी ताकत के साथ टैक्स वसूल कर रही है, उतनी ही लापरवाही पानी देने में की जा रही है, शहर में बड़े जलसंकट को नगर निगम को खत्म करना चाहिए। निगम अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को अपनी नींद खोलना चाहिए। हस्ताक्षर के दौरान कई नागरिकों ने भी अपनी नाराजगी जताई। हिमांशु यादव ने बताया कि पश्चिमी क्षेत्र फूटी कोठी से यह अभियान शुरू हुआ, अगला अभियान मूसाखेडी चौराहा और उसके बाद भी शहर के कई चौराहों पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। हिमांशु यादव, शैलेष त्रिपाठी,अजय भट्ट, देवराज विश्वकर्मा, आशीष शुक्ला, नितिन यादव, राजेश शुक्ला मौजूद रहे।

# जल प्रदाय नियंत्रण कक्ष व्यवस्था का निरीक्षण




इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल जल प्रदाय नियंत्रण कक्ष से पूरी व्यवस्था की समीक्षा की। पानी की पूरी व्यवस्था समझने के साथ महापौर ने कहा कि जल की आपूर्ति करने के लिए निगम सतर्क होने के साथ-साथ प्रतिदिन 380 एमएलडी पानी का वितरण कर रहा है। निगम लगातार पानी की जलापूर्ति करने के लिए प्रयासरत है। टीम को 24 घंटे मानीटरिंग पर लगा रखा है। निजी और सरकारी बोरवेल सूख जाने के कारण जल की खपत बढ़ गई है इससे निगम पर अतिरिक्त दबाव जल पूर्ति के लिए बना हुआ है। इसके बावजूद निगम प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष जल स्त्रोतों के माध्यम से नागरिकों तक पानी पहुंचाने का कार्य कर रहा है। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन उपलब्ध नहीं है अथवा बोरवेल सूख चुके हैं, वहां टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। जिसके बाद पानी की सप्लाई में काफी सुधार हुआ है। महापौर ने बताया कि बड़वाह क्षेत्र में रात के समय हुए एक तकनीकी शटडाउन के कारण कुछ जल टंकियों की आपूर्ति प्रभावित हुई थी। प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त टैंकर भेजकर पानी उपलब्ध कराया गया है और आज से स्थिति में और सुधार की उम्मीद है। जहां कहीं भी जलापूर्ति संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां तत्काल टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है, ताकि भीषण गर्मी के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# 46 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के प्रयास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एनएसयूआई के रजत पटेल और मोहित सिंह चौहान ने राजनीति से हटकर विगत कई दिनों से कलेक्टर कार्यालय जाकर राजनीति से परे हटकर एक ऐतिहासिक इंसानियत की मिसाल कायम की। बिजासन के सामने स्थित झुग्गी में रहने वाले 46 से अधिक बच्चों के जन्म प्रमार्ण पत्र बनवाने के प्रयास जारी



रखे हुए है। अब इस मामले में पटेल और चौहान ने कलेक्टर शिवम वर्मा से मुलाकात की और 46 बच्चों का मामला जन्म प्रमाण पत्र का बताया। पटेल और चौहान के मुताबिक पूरा मामला कलेक्टर ने समझा और सम्बंधित अधिकारियों को 46 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए। भाराछासं नेताओं ने कलेक्टर के इस निर्देश की सराहना की।

# महापौर की मौजूदगी में अधिकारियों के साथ बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में आईडीए,नगर निगम पीडब्ल्यूडी, एमपीआईडीसी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। शहर में निर्माणाधीन पुल-पुलियों और ब्रिज परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। महापौर ने बताया कि शहर के 10 पुल-पुलियों का 20 जून को लोकार्पण किया जाना है। 19 पुल-पुलिया को निगम एजेन्सी के माध्यम से बनवा रहा है, उनकी समीक्षा कर 10 पुल-पुलिया के लोकार्पण की जानकारी भी दी गई।**



एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने बताया कि बारिश शुरू होने से पहले चार प्रमुख ब्रिजों के आसपास की सर्विस रोड और ब्रिज के नीचे के मार्ग तैयार कर लिए जाएंगे, ताकि वर्षा ऋतु में यातायात प्रभावित न हो। पीडब्ल्यूडी ने जानकारी दी कि रेती मंडी ब्रिज के राजेंद्र नगर से राऊ की ओर जाने वाले हिस्से का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। एक दिशा में यातायात शुरू करने की तैयारी है, जबकि नीचे की सर्विस रोड का कार्य पूर्ण होने के बाद मानसून के पश्चात इसे पूर्ण रूप से चालू किया जाएगा। आईडीए ने बताया कि लवकुश चौराहा स्थित डबल डेकर ब्रिज को जुलाई के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही चंदन नगर पुल के निर्माण के लिए शीघ्र ही निविदा जारी की जाएगी। इस परियोजना से संबंधित विद्युत, पानी और अन्य यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।एमआर-4 ब्रिज परियोजना में अभी कुछ समय और लगने की संभावना है, लेकिन सभी निर्माण एजेंसियों ने दिसंबर 2026 तक शहर की सभी प्रमुख ब्रिज परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**20 जून को होना है 10 पुल-पुलिया का लोकार्पण**

बैठक का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान नागरिकों को यातायात संबंधी असुविधा से बचाना था। सभी एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि सर्विस रोड समय पर तैयार की जाएं और जहां संभव हो, अधूरे हिस्सों को भी शीघ्र यातायात के लिए खोला जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# सुलह वाली सुबह...गले मिले महापौर और हार्डिया

## दो दिन पहले जताई थी जल वितरण प्रणाली पर नाराजगी, आज की सराहना सुमित मिश्रा ने निभाया भाजपा मुखिया होने का दायित्व

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**विधानसभा पांच के विधायक महेन्द्र हार्डिया वैसे तो कम बोलने वाले विधायकों में से है। वे करीब 22 सालों से विधायक है लेकिन कम बार ही हुआ है कि वे अपने बयानों से सुर्खियों में आए हो। दो दिन पूर्व उन्होंने अपनी ही पार्टी वाली निगम परिषद की जल वितरण प्रणाली पर नाराजगी जताई थी और बिना नाम लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव को भी लपेटा था। आज महापौर सचिवालय पहुंचकर भार्गव को गले लगाया।**

शहर की राजनीति में आज की सुबह सुलह वाली हुई। दो दिन पूर्व विधायक हार्डिया ने जल संकट पर नाराजगी जाहिर की थी इसके लिए महापौर भार्गव को आडे हाथों लिया था। जलसंकट से जूझ रही क्षेत्र की जनता को देख हार्डिया गर्म हो गए थे। मीडिया में यह मामला सुर्खियों में बन गया क्योंकि दोनों ही नेता भाजपा के है। हार्डिया ने अपनी ही पार्टी वाली परिषद पर नाराजगी जाहिर कर दी थी इसके बाद आज सुबह नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा हार्डिया को लेकर महापौर निवास पहुंचे। उन्होंने दोनों के बीच सुलह करवाई। हार्डिया और महापौर गले मिले। हार्डिया ने कहा कि महापौर भार्गव और निगम की टीम दिन रात मेहनत कर रही है। उन्होंने जल वितरण व्यवस्था की सराहना भी की। कुल मिलाकर दो दिनों में हार्डिया के स्वर पार्टी की गाइड लाइन के कारण बदल गए।



### हार्डिया ने कुछ नहीं खाया

महेन्द्र हार्डिया भले ही महापौर सचिवालय पहुंचकर भार्गव से सुलह कर आए लेकिन उनके चेहरे से साफ नजर आ रहा था कि वे दबाव में वहां पहुंचे थे। दरअसल हार्डिया के बयानों के बाद कांग्रेस भी उनके बयान को आधार बनाकर हावी हो रही थी। संगठन के दबाव में हार्डिया महापौर से भले ही मिल आए लेकिन उनका चेहरे का रंग बता रहा था कि वे अपनी मर्जी से या किसी दबाव में वे कुछ क्षण ही वहां रूके। महापौर ने उन्हें कुछ खाने के लिए भी कहा लेकिन वे बिना खाए वहां से निकल गए।

## कांग्रेस बोली आखिर पानी का सैटलमेंट हो गया क्या...जो बाबा मान गए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा 5 में पानी की समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया ने मीडिया के समक्ष अपना बयान नाराजगी का दिया था और कहा था कि टंकियां कहीं ज्यादा और कहीं कम भरा रही है, निगम की व्यवस्था ठीक नहीं है और इस मामले में महापौर को भी आगे आकर बयान देना पड़ा था। इसी के बाद भाजपा संगठन की किरकिरी दिखाई देने लगी थी। इसी मामले में आज भाजपा संगठन ने बाबा की मनुहार कर उनकी मुलाकात महापौर से करवा दी। मुलाकात के बाद भी बाबा अन्दर से खुश नहीं थे इसका भी संकेत मिला, लेकिन इसी बीच कांग्रेस अमिनुल खान सूरी ने तंज जाहिर किया और कहा कि आखिरकार विधायक महेन्द्र हार्डिया और महापौर में सैटलमेंट हो गया और बाबा मान गए, क्या विधानसभा 5 में अचानक जल संकट दूर हो गया और घरों में अचानक पानी पहुंचने लगा और बहने भी लगा जो टंकियां खाली थी वे अब विधानसभा 2 की तरह लबालब भरने लगी है? क्या रोजाना जल सप्लाय शुरू हो गया, इससे विधानसभा 5 जलमग्न हो गया। आखिर ऐसा कौन-सा चमत्कार हो गया कि बाबा को सब कुछ ठीक दिखने लगा। अचानक जनता की लड़ाई बताकर मीडिया के समक्ष मुद्दा उठाने वाले बाबा का मामला खत्म कैसे हो गया। अमिनुल ने यहां तक कहा कि महापौर, उनके प्रतिनिधि द्वारा विधायक हार्डिया का अपमान किया जाता रहा क्या इसी अंदरुनी कलह में 5 नम्बर की जनता को पानी के लिए तड़पाया गया। आज सब कुछ मैनेज कैसे हो गया। अमिनुल ने कहा कि सही तो यह है कि यह लड़ाई जनता की नहीं थी, यह लड़ाई अहंकार, वर्चस्व, राजनीतिक हित और निजी समीकरण की थी। इसी चक्कर में जनता प्यास से तड़पती रही, महिलाएं खाली मटके लेकर भटकती रही, बच्चे बूंद-बूंद पानी को तरसते रहे और राजनीति के खिलाड़ी अपने सैटलमेंट का इंतजार करते रहे। सही तो यह है कि संगठन ने विधायक और महापौर को सैटल कर दिया, लेकिन 5 नम्बर की जनता आज भी पानी को तरस रही है और आज भी लोग टैंकर का इंतजार करते रहे, बूंद-बूंद पानी से परेशान दिखे। आखिर गले तो मिल लिए, लेकिन पानी का समाधान क्यों नहीं निकला। जनता की प्यास पर राजनीति कब तक होती रहेगी। अमिनुल ने कहा कि जनता सब समझ रही है, क्योंकि पानी की टंकियों से ज्यादा राजनीति के सौदे भरे गए हैं।

## कुमार विश्वास के अपने-अपने श्याम के टिकिट तीन दरों पर दे रहा माहेश्वरी समाज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

रेसल-डेजल इवेंट कम्पनी पूर्व में भी कुमार विश्वास द्वारा अपने-अपने राम का आयोजन करवा चुकी है और उस समय भी महंगे टिकिट होने के कारण सभी टिकिट नहीं बिके थे और कुर्सियां खाली रह गई थी। अभी भी रेसल-डेजल इवेंट कम्पनी इस टिकिट को बेच रही है और इधर माहेश्वरी समाज इंदौर जिला ने करीब 3 हजार टिकिट अपने समाजजनों को बेचने का लक्ष्य रखा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 4 हजार, 2 हजार और 1 हजार रु. के टिकिट दर दो दिनों के लिए कुमार विश्वास के अपने-अपने श्याम आयोजन के लिए रखे हैं। कुमार विश्वास अभी तक अपने-अपने राम का आयोजन करते रहे हैं और अब वे अपने-अपने श्याम का आयोजन दो दिनों तक फीनिक्स सिटाडील मॉल में 30 और 31 मई शाम 7.30 बजे से करने जा रहे हैं। आयोजन पूरी तरह रेसल-डेजल इवेंट कम्पनी का है। केवल टिकिट माहेश्वरी समाजजनों को देने का काम समाज द्वारा किया जा रहा है। इस मामले में समाज अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री पप्पू ने बताया कि हमने वीवीआईपी द्वारका, वीआईपी वृंदावन और गोल्ड मथुरा तीनों ब्लॉक इवेंट कम्पनी से तय किए हैं। हमारा आयोजन से कोई लेना-देना नहीं है केवल समाजजन कुमार विश्वास का अपने-अपने श्याम का उद्बोधन सुन सके इसलिए यह व्यवस्था की है। मंत्री ने बताया कि वैसे टिकिट दर और ऊंचे हैं। इधर इवेंट कम्पनी ने जो सोशल मीडिया पर टिकिट दर डाले हैं उसमें वृंदावन प्रीमियम 5 हजार, वृंदावन वीआईपी 4 हजार, मथुरा प्रीमियम गोल्ड 2500 रु. और मथुरा गोल्ड 2 हजार रु. रखा गया है। माहेश्वरी समाज ने तीन केटेगिरी की है और रसेल-डेजल इवेंट कम्पनी ने चार केटेगिरी की है। इधर माहेश्वरी समाज का स्थान से लेकर कुमार विश्वास के लाने-ले जाने और अन्य नगर निगम से लेकर टैक्स लगता है तो वह जवाबदारी इवेंट कम्पनी के माथे रखी है। समाज ने केवल टिकिट इवेंट कम्पनी से लिए हैं और उन्हें समाजजनों को देने का काम किया है। कुल 3 हजार टिकिट दिए जाना है और उसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है।

### आयोजक रेसल-डेजल द्वारा महंगे बेचे जा रहे टिकिट, टैक्स और व्यवस्था की जिम्मेदारी से माहेश्वरी समाज का ना




## भूतनाथ मंदिर मार्ग को लेकर दलित नेता का प्रदर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राऊ-रंगवासा क्षेत्र स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर मार्ग को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कल दलित नेता और बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पर बाबा के मुद्दे पर धरना, प्रदर्शन किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना और कहा कि इस खसरा का पुनः सीमांकन किया जाएगा। पुलिस ने भी परमार और पूरी टीम को समझाने का प्रयास किया। आखिरकार कलेक्टर शिवम वर्मा और अन्य से मुलाकात की। कालोनाइजर संजय अग्रवाल के खिलाफ शिकायतें की गई। परमार ने आरोप लगाया कि पिछले साल 2025 में मंदिर का खसरा बदला गया, जबकि बाबा भूतनाथ का मंदिर प्राचीन है। पहले यह खसरा 682 पर था, जिसे अब 654/2/3 पर कर दिया गया, जिसकी टीएनसी भी निकलाई गई। यह भी आरोप लगाया कि मंदिर का रास्ता बंद करा दिया गया। मंदिर का रास्ता खुलवाने की बात भी कही गई। कई फर्जी साइन की बात भी बताई गई। कलेक्टर ने दस्तावेज की जांच की बात भी कही।

## जैन सामाजिक संसद के दोनों गुट चाहते हैं संविधान बदलना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद लम्बे समय से इंदौर में दो चल रही है। इस बार दोनों को एक करने की कवायद हुई थी और फिर दो संस्थाएं आमने-सामने हो गई। पहले बात आई थी कि अध्यक्ष दो रहेंगे, लेकिन पदाधिकारी एक रहेंगे। दोनों ही संस्थाओं ने पदाधिकारियों की बाढ़ लगा दी और भारी भरकम पदाधिकारी बना दिए, अब दोनों ही संस्थाएं संविधान बदलने का काम कर रही है। दोनों ने ही संविधान बदलने के लिए जिम्मेदार नियुक्त कर दिए। जैन समाज के सोशल मीडिया पर इस तरह की बात चल रही है और यह भी लिखा जा रहा है कि जो वर्तमान संविधान में सामाजिक संसद में 13 पद और 11 सदस्य कार्यकारिणी के हैं, इसके ठीक विपरीत एक संस्था ने 185 तो दूसरी ने 150 पद बांटकर पदों की बाढ़ लगा दी, जो साधारण सभा हुई उस पर भी अंगुलियां उठ रही है और कहा जा रहा है कि साधारण सभा में जिनालयों के अध्यक्ष, मंत्री और प्रतिनिधि ही आ सकते हैं, जबकि कई ज्यादा लोग बुलाए गए और राजनेताओं को भी आमंत्रित किया गया, जो जैन समाज सामाजिक संसद की मर्यादा का उल्लंघन है।

# इंदौर में ब्रिक्स 2026 की हलचल

## विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए एयरपोर्ट पहुंचे आला अफसर, सीआईएसएफ के साथ बनाई रणनीति

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर एक बार फिर वैश्विक पटल पर चमकने के लिए तैयार है। भारत की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 की महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बैठकें इस बार इंदौर में प्रस्तावित हैं। इस बेहद हाई-प्रोफाइल इवेंट में शामिल होने के लिए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, राजनयिक और विदेशी मेहमान शहर में कदम रखेंगे। अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए इंदौर कमिश्नरेट पुलिस ने अभी से मोर्चा संभाल लिया है और सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने की कवायद शुरू कर दी है।



विदेशी मेहमानों के आगमन और उनकी 'फुलप्रूफ' सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी खुद देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पहुंचे। डीसीपी जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत, एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा, एसीपी विवेक सिंह चौहान और एरोड्रम थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह ने भारी पुलिस बल के साथ एयरपोर्ट की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान एयरपोर्ट की सुरक्षा संभालने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कमांडेंट भी विशेष रूप से मौजूद रहे। राज्य पुलिस और सीआईएसएफ के अधिकारियों ने मिलकर संयुक्त रूप से सुरक्षा प्रोटोकॉल, वीआईपी मूवमेंट के रूट्स, सुरक्षा घेरे और इमरजेंसी एग्जिट प्लान को लेकर गहन समीक्षा की और रणनीतिक खाका तैयार किया।

### टैक्सी ड्राइवरों को दी हिदायत और व्यवहार के कड़े निर्देश

विमानतल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था खंगालने के साथ ही पुलिस अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर संचालित होने वाली प्रीपेड और निजी टैक्सियों के ड्राइवरों व ऑपरेटरों की एक आवश्यक बैठक ली। अधिकारियों ने ड्राइवरों को निर्देशित किया कि चूंकि विदेशी मेहमानों के शहर में आते ही सबसे पहला सामना उनसे होगा, इसलिए उनका व्यवहार बेहद शालीन और अतिथि देवो भव की भावना के अनुरूप होना चाहिए। इसके साथ ही सभी ड्राइवरों को अपने वाहनों के दस्तावेज दुरुस्त रखने, बिना सत्यापन के किसी भी अज्ञात व्यक्ति को वीआईपी जोन के आसपास न बिठाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की सख्त हिदायत दी गई है।







## हालात-ए-इंदौर...बूंद-बूंद की जद्दोजहद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

**बचपन से पचपन तक नींद खुलते ही पानी की चिंता**

शहर में जल संकट इस कदर बढ़ गया है कि सुबह उठते ही लोगों को पहली चिंता पानी को लेकर हो रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी पानी की व्यवस्था में लगे हुए हैं। कोई साइकल से पानी की केन ढोह रहा है तो कोई गाड़ियों का उपयोग कर रहा है। बूंद-बूंद के लिए लोग जद्दोजहद कर रहे हैं। हालात यह बन गए हैं कि अब लोग जितनी दूरी पानी मिल रहा है उतनी दूर लेने निकल जाते हैं। निगम के टैंकर भी अब शहर के जलसंकट की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। पार्षदों के हाथ भी लगभग खड़े से हो गए हैं। एक घर में पानी पहुंचाने के बाद जब पार्षद को फिर फोन लगाए जा रहे हैं तो वे चार दिन से एक हफ्ते का समय बता रहे हैं। जबकि पानी का उपयोग दिन भर होता है। ऐसे में लोगों का कहना है कि एक हफ्ते तक की वेटिंग रहेगी तो कैसे काम चलेगा। अब तो हालात यह बन गए हैं कि सुबह उठते ही लोग अपनी नित्य क्रियाएं भूलकर पहले पानी की चिंता पाल रहे हैं, सुबह उठते ही पानी की व्यवस्था करने के बाद काम पर पहुंच रहे हैं। बीते सालों में ऐसे हालात शहर के कुछ ही क्षेत्रों में बनते थे, लेकिन इस बार ज्यादातर क्षेत्रों में जल संकट गहरा गया है। हमेशा चलने वाले बोरिंग भी अब कम पानी दे रहे हैं। कई बोरिंग तो सूख चुके हैं।

## जब समुदाय की परिभाषा अलग होगी तो विवाद होंगे- लेफ्टिनेंट कर्नल सिन्हा

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** जाल सभागृह में अभ्यास मंडल द्वारा ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला की जा रही है। रोजाना अलग अलग वक्ताओं को सुनने का मौका शाम को मिल रहा है। कल लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार सिन्हा ने मौजूद श्रोताओं को काफी देर तक सार्थक जानकारी दी। कहा कि जब समुदाय की परिभाषा हर व्यक्ति अलग-अलग रखेगा तो विवाद होंगे। हमें अपनी सफलता की परिभाषा का लक्ष्य राष्ट्र और विश्व की सेवा रखना होगा।




सफलता की हर व्यक्ति की परिभाषा को राष्ट्र और विश्व के कल्याण से जोड़ना होगा। हर व्यक्ति के लिए सफलता का मायना अलग-अलग होता है। विश्व के इस पूरे समाज में हर व्यक्ति का अलग धर्म, अलग कर्म और अलग लक्ष्य है। यहां धर्म से मतलब किसी भगवान या पूजा पद्धति से नहीं है बल्कि जीवन के धर्म से है। उन्होंने कहा कि इतिहास के हर काल खंड में कुछ लोग ऐसे हुए हैं जो की स्वयं को समग्र का हिस्सा नहीं मानते थे। इन लोगों ने अधर्म को ही धर्म का नाम देकर सभी को स्वीकार करवा दिया। उन्होंने कई उदाहरण भी दिए। स्वागत वैशाली खरे, किशन सोमानी, हंसमुख गांधी, बसंत सोनी ने किया। गौतम कोठारी, सुधाकर काले, प्रवीण खारीवाल ने अपनी भूमिका निभाई। आज शाम पर्यावरणविद प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्याणी का व्याख्यान 6 बजे से जाल सभागृह में होगा।

# आज सुबह से मेडिकल दुकानें रही बंद

## दवा बाजार के बाहर लगाया टेंट, ऑनलाइन दवा बिक्री का विरोध प्रदर्शन भी किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

ऑल इंडिया आर्गेनाइजेशन केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर देश भर में अवैध रूप से अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री तथा जनस्वास्थ्य और लाखों छोटे केमिस्ट के अस्तित्व से जुड़े गंभीर मुद्दों के विरोध में एक दिवसीय दवा व्यापारियों की हड़ताल आज सुबह से शुरू हुई। इस मुद्दे पर आज मध्यप्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में हड़ताल शुरू हुई। शहर में इंदौर केमिस्ट एसोसिएशन ने भी हड़ताल का आह्वान किया। अध्यक्ष विनय बाकलीवाल के आह्वान पर आज दवाई की सभी दुकानें बंद है और ज्यादातर दवा व्यापारी दवा बाजार में एकत्रित हो रहे हैं। यहां से वे वाहन रैली के रूप में संभाग आयुक्त कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन दवा विक्रय का विरोध जताएंगे। आज सुबह से एसोसिएशन के पदाधिकारियों का दवा बाजार के बाहर लगे पांडाल में पहुंचना शुरू हो गया था और उसके बाद व्यापारियों का भी पहुंचना जारी है।






बाकलीवाल ने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से जो दवा बिक रही है उसमें नकली दवाई भी आ सकती है, दवाइयों का दुरुपयोग भी हो सकता है और एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का भी अंदेशा है। बाकलीवाल ने कहा कि छोटे-बड़े व्यापारियों के अस्तित्व का भी खतरा है वहीं जनता के स्वास्थ्य का भी इस पर खतरा हो सकता है। बाकलीवाल ने कहा कि आज हम मजबूरी में यह हड़ताल कर रहे हैं, मरीज या परिजनों को असुविधा हुई तो उसके लिए हम खेद भी जताते हैं। ऑनलाइन व्यापार शीघ्र बंद करने की मांग भी विनय बाकलीवाल ने जताई। सारे दवा व्यापारी एकजुट नजर आए।



*कल कई घरों में वे पहुंचे थे, कांग्रेस नेताओं ने भी उनसे मिलने में दिखाई दिलचस्पी*

## राहुल सिंह का इंदौर में पगफेरा आज दूसरे दिन भी जारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष रहे अजय सिंह राहुल कल से इंदौर में तीन दिवसीय दौरे पर है। कल जहां उन्होंने कई नेताओं के यहां पहुंचकर अलग-अलग व्यवस्थाओं में अपनी भूमिका निभाई। वहीं कई कांग्रेस नेताओं ने भी उनसे मिलने में खासा रूझान दिखाया। कल कांग्रेस नेता सुनील यादव, संजय अरोड़ा, जीतू दीवान, ठा. जितेन्द्र सिंह सहित अन्य ने मुलाकात की। आज सुबह से बिजलपुर पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के पिता से भी अजय सिंह ने मुलाकात की और अपनी दूसरे दिनी इंदौर की यात्रा जारी की।



# कुशवाहा नगर की सड़क निगम के गले में अटकी

## निगम की खराब माली हालत को देखते हुए कोई ठेकेदार बनाने को तैयार नहीं

### सड़क के निर्माण के लिए निगम ने दूसरी बार जारी किया टेंडर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा बनाई जाने वाली कुशवाहा नगर की सड़क अब निगम के ही गले में अटक गई है। निगम की खराब हालत को देखते हुए कोई भी ठेकेदारी सड़क को बनाने के लिए तैयार नहीं है। निगम के द्वारा इस सड़क का निर्माण करवाने के लिए दूसरी बार टेंडर जारी किया गया है।

महेश गार्ड लाइंस वाले रोड पर आगे जाने पर आने वाले कुशवाहा नगर में सड़क का निर्माण करने के लिए नगर निगम के द्वारा पहल की गई थी। निगम ने इस सड़क के निर्माण के लिए सेंट्रल लाइन डालने के बाद बड़ी संख्या में इस क्षेत्र में मकान में तोड़फोड़ भी कर दी है। लोगों के द्वारा भी सड़क की चौड़ाई के लिए स्थान दे दिया गया है। इतना सब होने के बाद अब यह सड़क अटक गई है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन के द्वारा संचालित कायाकल्प अभियान के अंतर्गत टिगरिया बादशाह मेन रोड से कुशवाहा नगर होते हुए उज्जैन नाका बाणगंगा तक लिंक रोड का निर्माण करने की यह योजना बनाई गई थी। इस योजना के अंतर्गत सड़क के निर्माण में 16.26 करोड रुपए की राशि खर्च होना है। इस सड़क का निर्माण कार्य करने में 11 महीने का समय लगना है। इस समय में वर्षा काल का समय भी शामिल है। इस तरह से बारिश के मौसम सहित कुल 11 महीने में ठेकेदार को सड़क बनाकर तैयार करना होगी। अभी सड़क की सभी बाधाएं हटाने का काम करीब-करीब हो चुका है ऐसे में ठेकेदार के लिए बहुत आसान होगा कि वह पूरी सड़क का निर्माण कर दें।

निगम की खराब आर्थिक हालात के कारण कोई भी ठेकेदार इस काम को करने के लिए तैयार नहीं है। नगर निगम के द्वारा पहले जब टेंडर जारी किया गया तो एक भी ठेकेदार ने इस काम को करने में रुचि नहीं दिखाई। नगर निगम की योजना शाखा के अधिकारियों का कहना है कि अब नगर निगम के द्वारा इस कार्य को करने के लिए दूसरी बार टेंडर जारी कर दिया गया है। इस बार निगम के द्वारा काम करने के इच्छुक ठेकेदारों से 5 जून तक उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी हुई है कि इस बार भी कोई ठेकेदार इस काम को करने के लिए आगे आता है या नहीं।

# 8 बसों पर की आरटीओ ने कार्रवाई

### करीब सवा 2 लाख रु. का जुर्माना और दो बसों के फिटनेस भी निरस्त



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यात्री बसों पर जमकर सामान ऊपर ढोया जा रहा है वह भले ही किसी को दिखाई नहीं दे रहा है, लेकिन बसों पर अभी कार्रवाई का सिलसिला बताया जा रहा है इंदौर में सैकड़ों बसें संचालित हो रही है, लेकिन परिवहन विभाग को 8 बसों में कमी दिखी और उन पर करीब 2 लाख 26 हजार रु. का जुर्माना करने के साथ ही दो बसों के फिटनेस भी निरस्त किए गए। कल भी परिवहन विभाग ने बसों की चैकिंग का अभियान जांच के रूप में जारी रखा। कई बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की कमी देखी गई और उसी आधार पर जुर्माना भी लगाया और फिटनेस भी निरस्त किए गए। इस कार्रवाई के दौरान आरटीओ प्रदीप शर्मा, एआरटीओ राजेश गुप्ता, उड़नदस्ता प्रभारी आकाश सिठोले, एसडीएम घनश्याम धनगर मौजूद रहे।

# निगम स्वच्छ सर्वेक्षण में बनवा रहा है दीवारों पर पेटिंग




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम स्वच्छा सर्वेक्षण की तैयारी में जुटा है। इसी सर्वेक्षण की कडी में निगम द्वारा दीवारों, सीटीपीटी, बैकलेन, चौराहों पर स्वच्छता और योग पर आधारित आकर्षक पेंटिंग कराई जा रही है। निगम द्वारा विभिन्न प्रमुख स्थलों, सार्वजनिक दीवारों, चौराहों एवं भवनों पर आर्टिस्टिक पेंटिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, रंगीन, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक स्वरूप प्रदान करना है। नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, सरकारी भवनों, पुलों, स्कूलों की दीवारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक चित्रकारी और थीम आधारित पेंटिंग बनवाई जा रही हैं। इन पेंटिंग्स में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, हरियाली, भारतीय संस्कृति, महिला सशक्तिकरण एवं इंदौर की ऐतिहासिक पहचान को विशेष रूप से दर्शाया जा रहा है। क़लाकार और युवा मिलकर रंग-बिरंगी चित्रकारी दीवारों पर प्रस्तुत कर रहे है। इन चित्रों की सेल्फी, वीडियो, फोटो, रील भी बनाई जा रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त शिक्षित सिंघल ने रहवासियों से इस चित्रकारी के लिए सहयोग, दीवारों को नुकसान न पहुंचाया जाए, स्वच्छता रखी जाए इसकी अपील भी की।

## संस्कृति ग्रुप की महिलाओं ने कराए गीत प्रस्तुत




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कविता संस्कृति महिला मंडल के वाय म्यूजिकल ग्रुप द्वारा अभिनव कला समाज में गीत-संगीत का आयोजन कराया। कविता यादव ने बताया कि सभी गायक-गायिकाओं ने पुराने गीतों की प्रस्तुति दी। अतिथि के रूप में कई राजनेता और समाजसेवी और श्रोता के रूप में कई श्रोतीगण मौजूद रहे।**

# वाटर रिचार्जिंग पर सख्ती नहीं, तो जल संकट- निगमायुक्त

### निगम आयुक्त बोले हर घर में वाटर रिचार्जिंग की जरूरत, जमीन में हो रहा पानी खत्म

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इस वर्ष इंदौर में महा जलसंकट की स्थिति निर्मित होती नजर आ रही है, हर दिन पानी के लिए हंगामा बढ़ रहा है और लोग सड़कों पर निकल रहे हैं सत्ताधारी बीजेपी के महापौर और विधायक आमने-सामने हो गए हैं वहीं कांग्रेसी भी धरने प्रदर्शन करने में पीछे नहीं रहे हैं। शहर में राजनीतिक और सामाजिक दोनों दृष्टिकोण से पानी के लिए संघर्ष चल रहा है।

इसी बीच इंदौर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा है कि इस वर्ष यदि वाटर रिचार्जिंग की संख्या नहीं बढ़ाई तो अगले साल इससे अधिक जल संकट की स्थिति बन सकती है क्योंकि जमीन का पानी खत्म होता जा रहा है जिस तरह से इस वर्ष बोरिंग सूख हैं ऐसी स्थिति अगले साल भी बन सकती है। इंदौर नगर निगम और रहवासियों को मिलकर इसके लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जिन घरों में वाटर रिचार्जिंग नहीं है वहां तत्काल वाटर रिचार्जिंग करवा ले। अगर आवश्यकता लगे तो इसके लिए नगर निगम आने वाले एक सप्ताह में अपने वेंडर्स की सूची भी जारी कर देगा जिससे लोग आसानी से वाटर रिचार्जिंग कर सकेंगे।

निगम आयुक्त सिंघल ने कहा कि शहर में गिरते भूजल स्तर, को रोकने के लिए हमें लगातार प्रयास करने होंगे इस वर्ष हमें यह तय करना होगा कि लगभग 50000 घरों में वाटर रिचार्जिंग का काम हो सके। अब इस काम में तेजी लाने की आवश्यकता है क्योंकि बारिश से पहले वाटर रिचार्जिंग किया जाना चाहिए। जून माह में यह लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी नगर निगम जोन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने अपने क्षेत्र में वाटर रिचार्जिंग करवा ले। बीते सालों में नगर निगम द्वारा वाटर रिचार्जिंग कैप्सूल निःशुल्क वितरित किए गए। जल्द ही सीएसआर फंड से लगभग 15000 कैप्सूल निशुल्क वितरण की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जाएगी। साथ ही नगर निगम द्वारा कम दामों पर वाटर रिचार्जिंग कैसे की जा सकती है इसके लिए भी ठेकेदार के लिए एक निश्चित राशि तय की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि पिछले सालों में जो वाटर रिचार्जिंग किए गए हैं उनकी संख्या लगभग 70000 के करीब है जिसमें से 35000 घरों में वाटर रिचार्जिंग है, और बचे हुए 35000 वाटर रिचार्जिंग धार्मिक सामाजिक एवं सार्वजनिक स्थल पर किए गए हैं। वर्तमान में उनकी स्थिति का जायजा लिया जाएगा और यहां साफ सफाई करवाई जाएगी। बारिश पूर्व बड़े वाटर रिचार्जिंग की सफाई हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं।

निगम आयुक्त ने कहा कि इस वर्ष सड़कों पर जल जमाव की स्थिति नहीं बने इसके लिए भी आने वाले जून माह में चैंबरों की सफाई का काम किया जाएगा बीआरटीएस सहित शहर की मुख्य सड़कों पर वह मिलकर शहर में 90000 चेंबर हैं जिनकी सफाई सुनिश्चित की जा रही है।

## नर्मदा लीकेज सुधार के लिए नहीं लेंगे शटडाउन

उन्होंने कहा कि हम नर्मदा के पानी की उपलब्धता के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन परिस्थितियां अनुकूल नहीं हो पा रही है। लगातार जलूद पंपिंग स्टेशन के साथ लाइनों में लीकेज की समस्या आ रही है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में नौलखा पर में लाइन में लीकेज हो गया है उसको ठीक करने के लिए शटडाउन लेना पड़ेगा लेकिन वर्तमान में पानी की जरूरत के चलते शटडाउन लेना संभव नहीं है हमने बगैर शट डाउन लिए लीकेज को ठीक करने की व्यवस्था हेतु पीएचई और नगर निगम जल यंत्रालय को निर्देश दिए हैं।



**एवर ग्रीन परिवार के दम्पत्तियों की सजी महफिल...** शहर के एवर ग्रीन परिवार द्वारा पारिवारिक आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दम्पति मौजूद रहे। दम्पतियों ने अलग-अलग गेम्स का लुत्फ भी उठाया।

# अलीजा ने किया नौका विहार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर कल पुरुषोत्तम मास के बड़े मंगलवार पर विशेष शृंगार किया गया। हनुमानजी को राधा रमण स्वरूप में सजाया गया। शाम को हनुमानजी और भगवान बद्री विशाल ने नौका विहार किया। देर रात तक दर्शनार्थियों की कतार लगी रही। सुधीर व्यास ने भजनों की प्रस्तुति दी। उक्त जानकारी मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने दी।



# ब्रिक्स ग्रुप का आज से सम्मेलन, इंदौर के युवा उद्यमियों के मध्य होगी चर्चा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ब्रिक्स उद्यमिता कार्य समूह सम्मेलन आज से 21 मई तक बैठक के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में समूह के 5 सदस्य देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इंदौर में होने वाले इस सम्मेलन में कई दिग्गजों की मौजूदगी रहेगी। इसमें युवाओं को उद्यमिता, स्टार्टअप, डिजिटल नवाचार एवं नेतृत्व विकास से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न शासकीय विभागों एवं औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें नवाचार, औद्योगिक विकास, स्टार्टअप एवं तकनीक आधारित पहल का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश में विकसित हो रहे औद्योगिक एवं उद्यमिता इकोसिस्टम से अवगत कराया जाएगा। कल सदस्य देशों द्वारा काउंट्री प्रजेंटेशन प्रस्तुत किए जाएंगे। अलग-अलग स्तर पर पैनल डिस्कसन भी कल होगा। 21 को भी लीडरशीप डेवलपमेंट पर वर्कशाप आयोजित होगी। इसके बाद 21 मई को प्रतिनिधि दल क्रिस्टल आईटी पार्क और सिपला लिमिटेड पीथमपुर का भ्रमण करेंगे। प्रतिनिधि और इंदौर के उद्यमियों के मध्य संवाद सत्र भी आयोजित होगा। जिससे अंतरराष्ट्रीय सहयोग, निवेश एवं युवा उद्यमिता को नई दिशा मिलने की संभावना है। यह आयोजन मध्यप्रदेश, विशेषकर इंदौर, को वैश्विक स्तर पर युवा उद्यमिता एवं औद्योगिक नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# हज सफर वालों का इस्तकबाल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** हज पर ज्यादातर लोग रवाना हो चुके हैं, अब बचे हुए लोग भी रवाना हो रहे हैं तो उनके इस्तकबाल का आयोजन हो रहा है। छोड़ा बांगड़दा निवासी मक़सूद हुसैन, शौकत हुसैन, साजिद हुसैन, इरशाद हूसैन का हज यात्रा के पूर्व इस्तकबाल किया गया। साबिर ठेकेदार, इसरार ठेकेदार, साबिर हुसैन, आज़ाद हुसैन, इक़बाल हुसैन मौजूद थे।

# चार वर्षीय मासूम की मौत पर जैन समाजजनों ने दिया कार्रवाई के लिए ज्ञापन



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर-शिरपुरी रूट के मक्सी में विगत दिनों बस में आग लगने से चार वर्षीय मासूम अनय जैन की मृत्यु हो गई थी। कल जैन समाज के कई संगठनों सीए फेडरेशन दिगंबर जैन समाज सामाजिक सांसद, राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ, विश्व जैन संगठन के पदाधिकारियों ने मिलकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया और कहा कि जिसकी बस में आग लगी उसमें घटनाएं पहले भी हो चुकी है और उन पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। अनफिट बसों को परिवहन विभाग फिटनेस दे देता है इस पर भी जानकारी निकालकर कार्रवाई होना चाहिए। राजेश जैन, प्रवीण जैन ने कहा कि इस घटना में अधिकारियों और बस मालिक पर भी कारवाई होना चाहिए और गैर इरादतन हत्या का मामला भी दर्ज होना चाहिए। नवीन गोधा, मयंक जैन, पारस जैन, पीके वेद, राहुल जैन, संजय जैन, साधना दगड़े, अक्षय कासलीवाल भी मौजूद रहे।



# बालाजी महाराज को लगाया छप्पन भोग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** खजराना रिंग रोड चौराहे पर संकट मोचन सिद्धेश्वर महाराज के स्थापना दिवस पर चलित भंडारा आयोजित किया गया। उसके पूर्व भगवान का शृंगार किया गया, छप्पन भोग लगाकर आरती भी की गई। सुन्दरकांड का पाठ भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। रामेश्वर चौहान ने उक्त जानकारी दी।

# बैलेंस फिल्म की टीम रही रूबरू में मौजूद



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में फिल्म बैलेंस की पूरी टीम मौजूद रही। टीम ने बताया कि आधुनिक सपनों और पारिवारिक संस्कारों के बीच संतुलन की कहानी है 'बैलेंस' फिल्म में दिखाई गई है। बैलेंस एक भावनात्मक पारिवारिक कहानी है, जिसकी पृष्ठभूमि इंदौर शहर है। यह फिल्म एक मध्यमवर्गीय परिवार के जीवन और आज की तेज़ी से बदलती दुनिया में आने वाले बदलावों के बीच उनके संघर्ष को दर्शाती है। निर्माता रुचिता मेहता, निर्देशक प्रवेश व्यास और मुख्य कलाकार रोहिताश्व गौर, अभिनेता राघव श्रीवास्तव, अभिनेत्री पूजा चौधरी एवं मीनल शर्मा भी मौजूद रहे। फिल्म की शूटिंग की जा रही है, जो संभवतः 26 मई तक पूरी हो जाएगी। रोहिताश्व गौर आज तक अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इस फिल्म में 99 प्रतिशत कलाकार इंदौर के हैं, जिनमें श्रीराम जोग, शैलेन्द्र शर्मा और डॉ. ऋषिना नाटू शामिल हैं। इंदौर की सफाई और सकारात्मक छवि भी पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया गया है। यह फिल्म दिसम्बर में रिलीज होना है। कलाकारों का स्वागत प्रवीण खारीवाल, रचना जौहरी, बंसीलाल लालवानी, प्रभात पंचोली, नितेश उपाध्याय, विजय गुंजाल, पुष्कर सोनी, सुनील जैन, संजय मेहता, अभिषेक सिसोदिया, यशवर्धन सिंह ने किया।



# गौ नामकरण में शामिल हुए यादव

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** निदान सेवा संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पुगनूर गाय गौ नामकरण संस्कार का आयोजन कल दोपहर 3 बजे से रणजीत हनुमान परिसर में किया गया। कार्यक्रम में संत राजेन्द्रपुरी महाराज, अच्युतानंद महाराज, दीपेश व्यास और विहिप के अभिषेक उदेनिया, संस्था के अश्विन कौशल, अभिषेक सोलंकी सहित अन्य शामिल हुए। कांग्रेस नेता और यादव समाज से जुड़े श्याम यादव ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़ भी अतिथि थे।

# अग्निवीर के सफल अभ्यर्थी रहेंगे सेना भर्ती कार्यालय में मौजूद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सेना भर्ती कार्यालय महू द्वारा अग्निवीर भर्ती 2025-26 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। यह परिणाम भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सभी सफल अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे 21 मई को प्रातः 08 बजे अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ सेना भर्ती कार्यालय महू में प्रारंभिक जांच एवं आवश्यक जानकारी हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

# स्वर्ण समाजजनों की समस्या हल करने के लिए टोल-फ्री नम्बर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



स्वर्ण समाज अब सभी समाजों के अधिकार और सामाजिक न्याय के लिए संगठित होकर आगे बढ़ रहा है। स्वर्ण समाजजनों को आने वाली समस्याओं को लेकर टोल-फ्री नम्बर भी शीघ्र जारी किए जाएंगे। इसे लेकर बैठक का आयोजन भी किया गया। संयुक्त परिवार की सम्पत्ति को लेकर जो समस्याएं उत्पन्न होती है और जटिल नियम सामने आते हैं उनके सुधार की मांग की जाएगी। साथ में जो प्रमाण-पत्र लगते हैं उनके लिए भी मदद की जाएगी। आर्थिक रूप से कमजोर स्वर्ण विद्यार्थियों के लिए प्रति विद्यार्थी 10 हजार की सहायता के लिए भी काम किया जाएगा। शीघ्र ही प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जातिगत और प्रशासनिक विसंगतियों के संबंध में जानकारी दी जाएगी। होस्टल, आवास पर भी चर्चा होगी। पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाविद, विधि विसेषज्ञ से भी परामर्श लेकर समाजजनों को लाभ दिलाया जाएगा। जरूरत पड़ी तो याचिकाएं भी दायर की जाएगी। स्वर्ण सेना अध्यक्ष अनूप शुक्ला, धर्मेन्द्रसिंह गौतम, मनीष निगम, नमन दुबे, राजकुमार मंत्री, प्रेम बागोरा, धर्मेद्रसिंह परमार, तरुण भटनागर, डॉ. कल्पना सक्सेना, दीपक शर्मा, पप्पी शर्मा, ललित श्रीवास्तव, सचिन्द्र श्रीवास्तव, संस्कार दुबे, विजेंदर दीक्षित, संदीप शर्मा, लक्ष्मी नारायण पाठक, अजित तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, बबल जोशी एवं अन्य सवर्ण समाजजन उपस्थित रहे।



# अग्रबंधुओं ने लिया पानी बचाने और परिंदों के लिए संकल्प

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अग्रसेन महासभा के सदस्यों ने बायपास स्थित होटल पर पूल पार्टी का आयोजन अग्रवाल दम्पति सदस्यों के साथ किया। शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि पूल पार्टी के अलावा प्रतियोगी गैम और भोजन का आयोजन भी किया गया। पानी में ही तम्बोला, हास्य गोष्ठी और गैम्स भी खेले गए। पक्षियों के लिए इस गर्मी में सकोरे रखकर पानी और दाना रखने का संकल्प भी दिलाया। वहीं पानी की बचत हो इसे भी बताया। टीकमचंद गर्ग, प्रमोद बिंदल, शैलेन्द्र गुप्ता, शैलेन्द्र सिंघल मौजूद थे।

# कामगार संघ का वृद्धा आश्रम में सेवा कार्य



## पुण्यतिथि पर पौधारोपण भी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

कर्मचारी कामगार संघ के महेश गौहर ने बताया कि साधना करोसिया की पुण्य तिथि पर एक पेड़ फलदार लगाया गया और परदेशीपुरा स्थित वृद्धा आश्रम में वृद्धों की सेवा की गई। उन्हें गर्मी के लिए स्कार्फ भी दिए गए और उनके साथ कुछ पल भी बिताए और सुख-दुख की बात भी की गई, उन्हें नाश्ता भी कराया गया। महेश गौहर, श्याम अजयपाल, सूरज गौहर, शकुन करोसिया, सेठ योगेश गोहर, सीमा नरवाले, मुस्कान, टीटोनिया, कविता करोसिया, रानू सेन, श्याम शर्मा, अमित गौहर, निकिता पहलवान, नितेश टांक, मनोज मिश्रा, राहुल वंशकार मौजूद थे।



# भागवत में आज कृष्ण जन्मोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सप्तऋषि भागवत मंडल की मेजबानी में खजराना गणेश मंदिर परिसर में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आज श्रद्धालुओं को पवनानंद तिवारी के श्रीमुख से भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का चित्रण सुनने को मिलेगा।**

# आज दोपहर में कथा का विश्राम होगा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर प्राचीन श्री शिव हनुमान मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी झलारिया द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आज सातवां और अंतिम दिन है। आज अंतिम दिन अर्जुन गौतम के श्रीमुख से कथा का रसपान किया जा रहा है जो दोपहर 3 बजे तक चलेगा। आज सात दिवसीय कथा का अनुष्ठान पूर्ण होगा, प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।

# अग्रवाल समाज का पार्क में मिलन आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रवाल समाज कालानी नगर द्वारा वाटर पार्क में संस्था के सभी सदस्य परिवारों का सामूहिक मिलन का आयोजन किया गया। संस्था के पूर्व पदाधिकारियों का बिदाई सम्मान भी किया गया। नए पदाधिकारियों ने यह आयोजन पारिवारिक रूप से कराया। जगदीश गोयल, दिनेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, कैलाश गोयल ने अपनी भूमिका निभाई।



# ज़नसुनवाई में पहुंचे आवेदकों को दिलवाई गर्मी से राहत




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में पहुंचे विभिन्न आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर शिवम वर्मा ने गंभीरता से सुना तथा संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायता उपलब्ध कराई। भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की सुविधा हेतु विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। परिसर में बैठने की समुचित व्यवस्था, शीतल पेयजल, कुलर एवं मिस्ट कूलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही प्रत्येक आवेदक की वातानुकूलित कक्ष में सुनवाई की गई, ताकि उन्हें सहज एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। बुरहानुद्दीन महूवाला बीमार अवस्था में लावारिस हालत में सड़क पर मिले थे। जिसके बाद जिला प्रशासन के सहयोग से उन्हें वृद्धाश्रम में भर्ती कर उपचार उपलब्ध कराया गया था। इसी मुद्दे पर बोहरा समाज के शेख ताहा के साथ समाजजन पहुंचे और कलेक्टर का सम्मान किया। वहीं 46 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र तत्काल बनाने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। माया मोईन के उपचार का कार्य होने पर पवन पांचाल सहित रहवासियों ने भी कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। माया मोईन के उपचार में कलेक्टर ने सहायता कराई थी। कई अन्य भी समस्याओं के आवेदन आए जिन पर भी तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

# ब्रांच लियाफी पदाधिकारी के सम्मान के पहले बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ब्रांच लियाफी पदाधिकारी का सम्मान 24 मई को सेन्ट्रल जोन द्वारा आयोजित किया जाएगा।



इसे लेकर बैठक का आयोजन किया गया। अलग-अलग व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी भी तय की गई।

# नीम का साबुन कई कामों में आएगा काम

नीम में औषधीय गुण होते हैं। आप इसे स्किन से लेकर साफ-सफाई के कामों में इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए जानें इसे बनाने का तरीका, कहां और किस तरह इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। नीम स्किन से लेकर दांतों, कीट-पतंगों को दूर रखने से लेकर घर में कई तरह के कामकाज में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इसकी पत्तियों और तेल में ऐसे गुण माने जाते हैं जो त्वचा की सफाई, बदबू कम करने और हल्की स्किन केयर में मदद कर सकते हैं। इसके औषधीय गुण बैक्टीरिया को मारते हैं। नीम का साबुन स्किन से लेकर सफाई तक कई कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे आप घर पर बड़ी आसानी से तैयार कर सकते हैं। आइए जानें इससे क्या-क्या कर सकते हैं और बनाने का तरीका।

## घर पर नीम का साबुन बनाने का तरीका इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

1 कप ग्लिसरीन साबुन बेस
2 बड़े चम्मच नीम का पेस्ट या नीम पाउडर
1 छोटा चम्मच नीम का तेल
4-5 बूंद टी ट्री ऑयल (चाहें तो)
1 विटामिन E कैप्सूल
साबुन जमाने का मोल्ड
डबल बॉयलर या गर्म पानी वाला बर्तन

### बनाने का तरीका

सबसे पहले ताजी नीम की पत्तियों को अच्छी तरह धोकर सुखा लें। इसके बाद मिक्सर में हल्का पेस्ट बना लें। आप चाहें तो मार्केट में मिलने वाला नीम पाउडर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके बाद उसमें ग्लिसरीन साबुन बेस को छोटे टुकड़ों में काट लें। अब डबल बॉयलर की मदद से इसे धीरे-धीरे पिघलाएं। इस बात का ध्यान रखें कि आंच तेज न हो।

इसे लगातार चलाते रहें ताकि बेस जले नहीं। इसके बाद बाकी चीजें आपको मिलानी है। जब साबुन बेस पूरी तरह पिघल जाए, तो उसमें नीम पेस्ट, नीम का तेल मिलाएं। साथ में विटामिन E, टी ट्री ऑयल मिलाकर अच्छे से मिक्स करें। फिर तैयार मिश्रण को साबुन वाले मोल्ड में डाल दें।



इसके बाद ऊपर दिख रहे एयर बबल हटाने के लिए हल्का टैप करें। इसे करीब 4-5 घंटे के लिए सामान्य तापमान पर छोड़ दें। पूरी तरह जमने के बाद साबुन मोल्ड से निकाल लें। अगर ज्यादा सख्त टेक्सचर चाहिए, तो कुछ देर फ्रिज में भी रख सकती हैं।

### स्किन की सफाई में

हाथ-पैर साफ करने के लिए आप इसे यूज कर सकते हैं। धूल-मिट्टी और पसीने के बाद हाथ-पैर धोने के लिए यूज कर सकते हैं। कुछ लोग चेहरे की अतिरिक्त ऑयल सफाई के लिए हल्के तौर पर इसका इस्तेमाल करते हैं। चेहरे पर इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट करें। गर्मी और पसीने की वजह से आने वाली चिपचिपाहट कम करने के लिए नहाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। जिम या बाहर से आने के बाद बॉडी क्लीनिंग के लिए उपयोग किया जा सकता है।

### पैरों की बदबू कम करने में

कुछ लोग फुट क्लीनिंग में भी नीम साबुन इस्तेमाल करते हैं। घर की किन चीजों में इस्तेमाल किया जा सकता है

### मेकअप ब्रश या कंघी साफ करने में

मेकअप ब्रश या कंघी की साफ सफाई के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

### छोटे कपड़े या रूमाल धोने में

हल्के हाथ से सफाई के लिए उपयोग कर सकते हैं। हाथ से धोने वाले छोटे कपड़े जैसे मोजे, रसोई के छोटे कपड़े, डस्टिंग कपड़े को आप नीब के साबुन से साफ कर सकते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

हर किसी की स्किन अलग-अलग होती है। इसलिए पहले हाथ के छोटे हिस्से पर टेस्ट करें। आंखों के पास इस्तेमाल न करें। नीम या टी ट्री ऑयल आंखों में जलन कर सकते हैं। ज्यादा मात्रा में डालने से त्वचा ड्राई लग सकती है। अगर जलन हो तो इस्तेमाल रोक दें। लालपन, खुजली महसूस हो तो तुरंत बंद करें।

---

# कांच से लेकर तांबे तक की बोतलों को ऐसे करें साफ

***रोजाना इस्तेमाल होने वाली पानी की बोतलों में धीरे-धीरे गंदगी, दाग और बदबू आने लगती है। ऐसे में किचन में मौजूद कुछ चीजों की मदद से आप बिना ब्रश के इन बोतलों को साफ कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में पानी पीने के लिए लोग अलग-अलग तरह की बोतलों का इस्तेमाल करते हैं। कोई तांबे की बोतल इस्तेमाल करता है तो कोई स्टील, कांच या प्लास्टिक की बोतल रखना पसंद करता है। हालांकि रोजाना इस्तेमाल होने वाली इन बोतलों में धीरे-धीरे दाग और गंदगी जमने लगती है। कई बार बोतलों को अंदर तक साफ करना मुश्किल होता है। ऐसे में कुछ घरेलू तरीकों की मदद से आप बोतल को बिना ब्रश के अंदर तक आसानी से साफ कर सकते हैं। किचन की चीजों का इस्तेमाल करके इन बोतलों को आसानी से बिना मेहनत के साफ किया जा सकता है। बिना ब्रश के कांच से लेकर तांबे तक पानी की बोतलों को ऐसे कर सकते हैं साफ, जानें सही तरीका***



### तांबे की बोतल

तांबे की बोतल समय के साथ काली पड़ने लगती है और इसके अंदर गंदगी जम जाती है। जिन्हें आसानी से साफ नहीं किया जा सकता है। ऐसे में बोतल में थोड़ा सा पानी डालें और उसमें नींबू का रस मिलाएं। नींबू के टुकड़े को भी पानी की बोतल में डाल दें और थोड़ा सा नमक डालें। अब बोतल को अच्छे से शेक करें और कुछ देर के लिए छोड़ दें। नमक और नींबू की मदद से जमा गंदगी और कालापन साफ होने लगेगा। अब 20 मिनट बाद बोतल को सादा पानी की मदद से साफ कर लें। इससे तांबे की चमक वापस आ सकती है।

### स्टील की बोतल

स्टील की बोतल में कई बार बदबू और गंदगी जम जाती है। ऐसे में इसे दूर करने के लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा और थोड़ा सा चावल डालें। इसके बाद इसमें गर्म पानी भर दें। अब बोतल को कपड़े की मदद से पकड़कर अच्छे से शेक करें। इसे करीब 15 से 20 मिनट के लिए रखें और फिर लिक्विड डिशवॉश की मदद से बोतल को साफ करें। इस तरह बोतल के अंदर की सारी गंदगी साफ हो जाएगी।

### कांच की बोतल

कांच की बोतल की गंदगी को साफ करने के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं है। इसके लिए बोतल में थोड़ा पानी, लिक्विड साबुन और एक चम्मच चावल डाल दें। अब बोतल का ढक्कन बंद करके उसे करीब 30 सेकंड तक जोर से हिलाएं। चावल बोतल के अंदर की गंदगी को रगड़कर साफ करने में मदद करेगा। इसके बाद पानी की मदद से बोतल को साफ कर लें।

### प्लास्टिक की बोतल

प्लास्टिक की बोतल में अक्सर गंदगी जम जाती है। कम चौड़ाई की वजह से इस बोतल को अंदर तक साफ करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में पानी की बोतल में थोड़ा सा विनेगर, गुनगुना पानी और थोड़ा सा चावल डालें। अब इसे अच्छे से शेक करें और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद लिक्विड डिशवॉश की मदद से बोतल को साफ करें। इस तरह अंदर की गंदगी और बदबू आसानी से दूर हो जाएगी।

---

# यात्रा को आरामदायक बनाने रखें इन बातों का ध्यान



***गर्मी के मौसम में लंबी बस का सफर करना परेशानी और थकान भरा हो सकता है। ऐसे में कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखते हुए यात्रा को आरामदायक बनाया जा सकता है। ट्रैवल करने के लिए हम कई बार बस का सफर चुनते हैं क्योंकि हर समय ट्रेन या प्लेन का टिकट नहीं मिल पाता है। ऐसे में हमें किसी न किसी वजह से बस का सफर करना पड़ सकता है। खासकर गर्मियों में ट्रैवल करना बहुत ही मुश्किल हो जाता है क्योंकि इस समय पसीना और धूप थकान और परेशानी की वजह बन सकती है। ऐसे में बस से ट्रैवल करते समय कुछ जरूरी चीजों का ध्यान रखना चाहिए जो सफर को आरामदायक बना सकता है।***

### ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें

ट्रैवलिंग करते समय इस बात का ध्यान रखें कि ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। हमेशा बस में ट्रैवल करते समय कॉटन और हल्के रंग के कपड़े पहनने चाहिए। इससे शरीर में हवा लगती है और ज्यादा गर्मी महसूस नहीं होती है। सफर के दौरान टाइट कपड़े पहनने से असहजता महसूस हो सकती है। इसके अलावा धूप से बचने के लिए सनग्लासेस, कैप और स्टोल को साथ में रखें।

### साथ रखें ये सामान

बस यात्रा अगर लंबी दूरी की कर रहे हैं तो हमेशा अपने बैग में चार्जर, हैंड सैनिटाइजर, टिश्यू, वेट वाइप्स और जरूरी दवाइयां रखें। अगर आपको उल्टी या चक्कर आते हं तो डॉक्टर से सलाह लेकर दवा रखें। इसके अलावा छोटा तकिया और नेक पिलो को रख सकते हैं जिससे सफर आरामदायक बन सकता है।

### सही समय का चुनाव

गर्मियों के समय सबसे ज्यादा गर्मी दिन के समय होती है। इसलिए कोशिश करें कि यात्रा सुबह या शाम को की जाए। सुबह या शाम के समय यात्रा करने पर तेज धूप से बचा जा सकता है। अगर एसी बस में ट्रैवल कर रहे हैं तो पहले से ही अपने पसंद की सीट बुक करें।

### खाने-पीने का सामान

गर्मी में अक्सर बाहर का खाना खाने से पेट खराब हो जाता है। ऐसे में लंबी यात्रा के दौरान भूख लगने पर साथ में कुछ चीजों को रख सकते हैं। फल, मेवे या चिप्स को अपने साथ रखकर ले जाएं। इसके अलावा यात्रा के दौरान खुला हुआ खाना खाने से बचना चाहिए। खाने के अलावा शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पानी साथ रखें। समय-समय पर पानी पीते रहें जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होगी।

### मनोरंजन के लिए रखें ये चीजें

बस का लंबा सफर अक्सर बोरिंग हो जाता है, ऐसे में अपने साथ किताबें रख सकते हैं। इसके अलावा अगर बस में नेटवर्क प्रॉब्लम होती है तो फोन में पहले से मूवी या सीरीज डाउनलोड कर सकते हैं जिससे आपका मनोरंजन होता रहेगा। बस में ट्रैवल करना गर्मियों में आरामदायक हो सकता है अगर सही तरीके से प्लानिंग की जाए। इन जरूरी बातों को ध्यान रखते हुए आप बस का सफर मजेदार तरीके से पूरा कर सकते हैं।

## संपादकीय

# आधुनिकता के दावों के बीच दहेज की जकड़ में घुटती महिलाओं की जिंदगी

आए दिन सामने आने वाली ऐसी घटनाएं बताती हैं कि आम भारतीय परिवारों में दहेज की वजह से उत्पीड़न और हत्या की घटनाएं आज भी एक भयावह वास्तविकता बनी हुई हैं। जिस दहेज जैसी समस्या के खिलाफ सबसे ज्यादा अभियान चले, बेहद सख्त कानूनी प्रावधान किए गए, उसकी वजह से आज भी अक्सर महिलाओं की जान जा रही है। किसी भी समाज के सभ्य होने की कसौटी यह है कि वह अपने बीच परंपरा से चली आ रही वैसी कुप्रथाओं से किस हद तक मुक्ति हासिल कर पाता है, जो अमानवीय होने के साथ कानूनन अपराध भी हैं। मगर ऐसा लगता है कि हमारे देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर समाज एक तरह की उदासीनता में रहता है। नतीजतन, जहां आधुनिक मूल्यों के साथ हो रहे सामाजिक विकास के बीच महिलाओं के प्रति दुराग्रह और कुंठा की हिंसा की जगह पूरी तरह खत्म होनी चाहिए थी, वहां आज भी कई ऐसी परंपराएं मुखर दिखती हैं, जिनकी वजह से महिलाओं का जीवन-संघर्ष कई गुना बढ़ जाता है। हालत यह है कि जिस दहेज जैसी समस्या के खिलाफ सबसे ज्यादा अभियान चले, बेहद सख्त कानूनी प्रावधान किए गए, उसकी वजह से आज भी अक्सर महिलाओं की जान जा रही है। अर्थव्यवस्था और विकास के चमकते आंकड़ों के बीच आखिर क्या ऐसा छूट रहा है कि न तो समाज अपनी ओर से इस विकृत परंपरा को छोड़ने के लिए संवेदनशील हो रहा है और न ही इस संबंध में बने सख्त कानूनों का खौफ दिखता है। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गिने जाने वाले नोएडा यानी गौतमबुद्ध नगर में दहेज उत्पीड़न के कारण एक महिला की मौत की खबर ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर किया है कि सामाजिक विकास की कसौटी पर हम कहां खड़े हैं और यह कितना अफसोसनाक है। कुछ ही दिन पहले भोपाल से भी दहेज की वजह से एक महिला की जान जाने की खबर आई थी। इन मामलों में महिला के परिवार वालों का स्पष्ट आरोप है कि शादी में भारी खर्च करने के बावजूद बाद के दिनों में भी दहेज की लगातार मांग पूरी न हो पाने की वजह से उनकी बेटी की हत्या कर दी गई और उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। आए दिन सामने आने वाली ऐसी घटनाएं बताती हैं कि आम भारतीय परिवारों में दहेज की वजह से उत्पीड़न और हत्या की घटनाएं आज भी एक भयावह वास्तविकता बनी हुई हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के एक आंकड़े के मुताबिक अकेले 2022 में दहेज की वजह से 6,516 महिलाओं की मौत हुई थी। माना जाता है कि परंपरा के नाम पर जारी कुछ अमानवीय कुप्रथाएं दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में समाज के वैसे हिस्से में चलन में होती हैं, जो किन्हीं वजहों से शिक्षा और प्रगतिशील मूल्यों से दूर रह गए या विकास के सफर में पिछड़ गए। मगर शायद यह बस एक धारणा है और दिल्ली, नोएडा या किसी बड़े महानगर में भी कई लोग कुरीतियों के निर्वाह को लेकर उतने ही संकीर्ण घेरे में जीते हैं। यह समझना मुश्किल है कि उच्च शिक्षित और आधुनिक मूल्यों के साथ जीने वाले कथित संभ्रांत परिवारों के भीतर भी दहेज जैसी विकृत परंपरा के प्रति इतना मोह क्यों बचा हुआ है कि वे बहू के उत्पीड़न और कई बार हत्या कर देने की हद तक भी चले जाते हैं। विचित्र यह भी है कि ऐसे कई परिवार पहले से ही आर्थिक रूप से खासे समृद्ध होते हैं। इसके बावजूद उनके भीतर बहू के घर से धन हासिल करने की ऐसी अदम्य भूख होती है कि वे अपराध करने से भी नहीं हिचकते। समस्या की जटिलता को समझे बिना अक्सर दहेज कानूनों के दुरुपयोग का सवाल उठाया जाता है, लेकिन आज भी दहेज की वजह से उत्पीड़न, आत्महत्या और हत्या की घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि इस मसले पर कड़ी कानूनी कार्रवाई से लेकर जनजागरूकता अभियानों की सख्त जरूरत है। ग्रेटर नोएडा के जलपुरा इलाके में रविवार को दीपिका नाम की महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने कहा है कि दहेज के कारण ससुराल वालों ने दीपिका की हत्या की है। दीपिका की शादी सिर्फ डेढ़ साल पहले हुई थी। परिजनों ने यह भी कहा है कि दीपिका के शरीर पर चोट के निशान थे।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 151700 | 158450 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 252000 | 268314 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# मेडिकल छात्रा का पीछा करने वाले बिहारी युवक पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संयोगितागंज इलाके में एक मेडिकल छात्रा को एक युवक से जान-पहचान बढ़ाना भारी पड़ गया। युवक ने दोस्ती की आड़ में युवती की प्राइवेसी और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया। पुलिस के अनुसार, घटना एमवाय अस्पताल परिसर और आसपास के कॉलेज इलाके की है।

फिजियोथेरेपी की पढाई कर रही 22 वर्षीय पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब चार महीने पहले एक ऑनलाइन ऐप के माध्यम से उसकी बातचीत उत्कर्ष कुमार पिता अरविंद कुमार निवासी चित्रकूट नगर, बिहार से हुई थी। शुरुआती बातचीत के बाद दोनों सामान्य दोस्त की तरह मिलने-जुलने लगे।दोस्ती के कुछ ही समय बाद उत्कर्ष ने अपनी हदें पार करना शुरू कर दिया। उसने पीड़िता की इच्छा के बगैर उसके घर और कॉलेज के पते पर ऑनलाइन गिफ्ट्स भेजने शुरू कर दिए। हद तो तब हो गई जब वह युवती को बिना बताए और बिना उसकी मर्जी के उसके घर के बाहर तथा कॉलेज के गेट पर आकर गुपचुप तरीके से खड़ा होने लगा। आरोपी की इस संदिग्ध गतिविधियों और दखलअंदाजी से परेशान होकर छात्रा ने उससे साफ कह दिया कि वह अब आगे कोई दोस्ती नहीं रखना चाहती।दोस्ती तोड़ने से बौखलाए उत्कर्ष कुमार सिंह ने डिजिटल तौर पर पीड़िता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पीड़िता के नाम से एक फर्जी प्रोफाइल बनाई और उस पर छात्रा की निजी तस्वीरें पोस्ट कर दीं। जब पीड़िता को अपनी इस फर्जी आईडी का पता चला, तो उसने उत्कर्ष से संपर्क कर कड़ी आपत्ति जताई और तस्वीरें हटाने को कहा, लेकिन आरोपी ने उसकी एक न सुनी। वह लगातार फोन कॉल्स और अन्य सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए युवती का पीछा कर धमकाने लगा।परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों के साथ संयोगितागंज थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी उत्कर्ष कुमार सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# घर के बाहर पटाखा फोड़ने से मना करने पर विवाद

**पड़ोसी ने साथियों के साथ मिलकर मां-बेटे को पीटा**

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना इलाके में घर के सामने पटाखा फोड़ने जैसी छोटी सी बात पर आरोपियों ने एक महिला और उसके बेटे के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की।

पुलिस के अनुसार, घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के सांवेर रोड की है। यहाँ रहने वाली फरियादी महिला कविता चौहान निवासी ग्राम नरवर ने थाने पहुँचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कविता ने पुलिस को बताया कि गत शाम वह अपने घर में थीं, तभी अचानक घर के ठीक बाहर बेहद तेज आवाज में पटाखा फोड़ने की आवाज आई।पटाखे की तेज आवाज सुनकर जब कविता चौहान घर से बाहर निकलीं, तो उन्होंने वहां खड़े युवकों को देखा। कविता ने सामान्य रूप से पूछा कि मेरे घर के ठीक बाहर पटाखा किसने फोड़ा है इतनी सी बात सुनते ही वहां पास में ही रहने वाला पड़ोसी आरोपी दीपक सोलंकी अपने कुछ अन्य साथियों के साथ खड़ा था, वह अचानक भड़क गया। दीपक और उसके साथियों ने कविता के साथ बदतमीजी करते हुए उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया।मां के साथ गाली-गलौज और विवाद होता देख कविता का बेटा योगेश चौहान तुरंत दौड़कर बाहर आया। योगेश ने जब आरोपियों को अपनी मां से तमीज से बात करने को कहा और गाली देने का कड़ा विरोध किया, तो आरोपी दीपक और उसके साथी आगबबूला हो गए। आरोपियों ने योगेश को चारों तरफ से घेर लिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने लात-घूंसों से योगेश को जमकर पीटा, जिससे उसे शरीर में चोटें आई हैं। जाते-जाते आरोपियों ने मां-बेटे को दोबारा मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

# कासलीवाल होंडा के ब्रांच मैनेजर पर केस दर्ज

**महिला कर्मचारी को अश्लील मैसेज भेजकर किया प्रताड़ित**

**इन्दौर।** तिलक नगर थाना इलाके में स्थित एक नामी ऑटोमोबाइल शोरूम के ब्रांच मैनेजर की काली करतूत उजागर हुई है, जिसने अपनी ही अधीनस्थ महिला कर्मचारी का जीना दुश्वार कर रखा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी शिकंजा कस दिया है। पुलिस के अनुसार, घटना तिलक नगर थाना क्षेत्र की है। यहाँ रहने वाली 27 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर आरोपी आनंद पिता ओमप्रकाश चौधरी निवासी सूर्यदेव नगर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह कास्लीवाल होंडा में जॉब करती है। वहाँ का ब्रांच मैनेजर आनंद चौधरी नौकरी के शुरुआती दिनों से ही उस पर बुरी नजर रखता था। आनंद अक्सर काम के बहाने पीड़िता को केबिन में बुलाता और उसे अश्लील फोन कॉल तथा भद्दे मैसेज भेजकर लगातार मानसिक रूप से परेशान करता था।पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गत 16 फरवरी को कार्यस्थल पर आरोपी आनंद चौधरी ने बुरी नीयत से उसे गलत तरीके से छुआ इस घटना से पीड़िता बेहद सहम गई थी। चूंकि महिला की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी और उसे डर था कि विरोध करने पर उसकी नौकरी चली जाएगी, इसलिए उसने बदनामी और बेरोजगारी के डर से शुरुआत में पुलिस या शोरूम प्रबंधन से इसकी शिकायत नहीं की। आरोपी इसी मजबूरी का फायदा उठाकर लगातार दबाव बनाता रहा।आरोपी की प्रताड़ना और सनक का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह पीड़िता को फोन कर आने वाले महीनों के लिए टारगेट करने लगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आनंद ने उसे फोन पर धमकी भरे लहजे में कहा कि मई माह में मेरे परिवार वाले घर पर नहीं रहेंगे, तुम मुझसे आकर मिल लेना। मैं तुम्हें एक महीने पूर्व ही यह जानकारी दे रहा हूँ कि तुम्हें मई में मुझसे मिलना ही होगा।इस अजीबोगरीब और खौफनाक दबाव के बाद पीड़िता का सब्र का बांध टूट गया और उसने अपने परिवार को पूरी बात बताकर थाने जाने का फैसला किया।तिलक नगर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी ब्रांच मैनेजर आनंद चौधरी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# शादी का झांसा देकर युवती से बनाए शारीरिक संबंध

**अब मुकरा, बोला- मैं तो केवल टाइम पास कर रहा था**

**इन्दौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र से एक युवक ने शादी का वादा कर 26 वर्षीय युवती की जिंदगी बर्बाद कर दी।लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाने के बाद अब आरोपी शादी के वादे से मुकर गया।

पुलिस के अनुसार, घटना किशनगंज थाना क्षेत्र के पिगडंबर इलाके की है। 26 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर आरोपी रंजीत यादव के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी रंजीत ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया था और जल्द ही शादी करने का वादा दिया था। इस भरोसे के बाद आरोपी लगातार पीड़िता की इच्छा और शादी के वादे की आड़ में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।

जब पीड़िता ने रंजीत पर शादी करने और अपने वादे को पूरा करने का दबाव बनाया, तो आरोपी का असली चेहरा सामने आ गया। आरोपी ने पीड़िता से बेहद शर्मनाक लहजे में कहा कि अब मेरी तुझमें कोई दिलचस्पी नहीं रही है। मैं तो केवल तुम्हारे साथ टाइम पास कर रहा था।आरोपी के इन शब्दों को सुनकर पीड़िता के पैरों तले जमीन खिसक गई।पीड़िता ने जब आरोपी की इस धोखाधड़ी और धोखेबाजी का कड़ा विरोध किया और कानूनी कार्रवाई की बात कही, तो आरोपी रंजीत यादव ने पीड़िता को सरेराह डराया-धमकाया और कहा कि अगर अब तूने मुझसे दोबारा शादी करने के लिए बोला या दबाव बनाया, तो मैं तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर।** अंजलि नगर में रहने वाली एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका का नाम सीमा पति अमन जैन निवासी अंजलि नगर है। पुलिस के मुताबिक सीमा ने मंगलवार रात अपने कमरे की छत पर लगे पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। परिजन ने उसे फंदे से उतारा और बड़े अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड पत्र नहीं मिला है। विजयनगर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# युवक की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम अजय निवासी परदेशीपुरा है। परिजन उसे बेहोशी की हालत में बड़े अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित किया। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी। फिलहाल परदेशीपुरा पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# सड़क पर बह रहा है नर्मदा का पानी



**इंदौर।** नौलखा चौराहे पर नर्मदा पेयजल योजना की लाइन में लीकेज होने के कारण सड़क पर नर्मदा का पानी बह रहा है। इस लीकेज को सुधारने के लिए शटडाउन लेना पड़ेगा जिसके कारण पूरे इंदौर में पानी का सप्लाई बंद हो जाएगा। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही नगर निगम द्वारा अभी इस लाइन को सुधारने के काम को शुरू नहीं किया जा रहा है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि अभी वैसे ही इंदौर में पानी का संकट चल रहा है इस संकट के बीच में यदि हमारे द्वारा शटडाउन लेकर इस लीकेज को सुधारने का काम किया जाएगा तो शहर का पानी का संकट और ज्यादा बढ़ जाएगा।

## गर्मी से राहत देने के लिए कलेक्टर कार्यालय में कुर्सी लगवाई

**इंदौर।** तेज और भीषण गर्मी के इस दौर में कलेक्टर कार्यालय में जाने वाले नागरिकों को गर्मी से राहत देने के लिए एक कुर्सी लगाई गई है। इस कुर्सी में कई विशेषताएं शामिल है। एक तरफ जहां इस कुर्सी को सोलर ऊर्जा से जोड़ा गया है तो वहीं दूसरी तरफ या व्यवस्था भी की गई है की कुर्सी पर जब जाकर कोई व्यक्ति बैठेगा तो कुर्सी में से ठंडे पानी की फुहार निकलकर उड़ेगी। इस पानी के उड़ने से उस क्षेत्र में जहां गर्मी से राहत मिलती हुई नजर आएगी वही व्यक्ति को बेहतर महसूस होगा। इस व्यवस्था को जनता के सहयोग से आकार दिया गया है। कल कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा इस कुर्सी का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ होने के बाद से दिनभर लोग आते हुए इस कुर्सी पर बैठकर आनंद लेते नजर आए।

# चेकिंग देख भाग रहा बाइक सवार तस्कर 2 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

**इन्दौर।** अन्नपूर्णा पुलिस ने दशहरा मैदान के पास चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर दबोचा है। पुलिस को देखकर भाग रहे इस आरोपी के पास से तलाशी में 2 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर बाइक और नशे की खेप को जब्त कर लिया है।

अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम द्वारा दशहरा मैदान के पास मुस्तैदी से वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार युवक वहां पहुँचा, लेकिन सामने पुलिस पॉइंट को देखकर वह घबरा गया और गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने संदेहास्पद स्थिति को भांपते हुए तत्काल पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अर्पित पिता अशोक कुमार निवासी द्वारकापुरी बताया। जब पुलिस टीम ने उसकी मोटरसाइकिल पर टंगे बैग की बारीकी से तलाशी ली, तो उसमें से 2 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने अर्पित को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है कि वह यह नशा कहाँ से लेकर आया था और शहर में किसे सप्लाय करने जा रहा था।

# सेजल, दिवीना, रितिशा, जोगराजसिंह, तनुष जीते

**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ द्वारा आयोजित एशियन जूनियर अंडर-12 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बालिका वर्ग में वरीयता खिलाड़ी सेजल जाधव, दिवीना धूपर, रितिशा नेहे, इवाना अरोरा तथा बालक वर्ग में के. रघुवंशी, जोगराजसिंह राज, आरुष खन्ना, तनुष बीसी ने जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया।

इंदौर टेनिस क्लब में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित एशियन जूनियर टेनिस स्पर्धा के बालिका एकल में दूसरे राउंड में शीर्ष क्रम की सेजल जाधव ने रथिका पटेल को 6-1, 6-1 से, दूसरी वरीयता प्राप्त रितिशा नेहे ने रीत सोनी को 6-0, 6-3 से, तीसरी वरीयता प्राप्त शुभी रंजन ने एस. स्वस्तिका को 3-6, 6-0, 10-5 से, चौथी वरीयता प्राप्त आर्या कुलकर्णी ने मार्टिना शर्मा को 7-5, 6-0 से, सराह भाटिया ने अनखा अग्रवाल को 6-4, 6-4, इंदौर की दिवीना धूपर ने के लुनसावथ को 7-5, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं बालक एकल वर्ग के दूसरे दौर में शीर्ष क्रम के के. रघुवंशी ने सी. अक्षज कुमार को 6-1, 6-0 से, दूसरी वरीयता प्राप्त तनुष बीसी ने पर्वसिंह झाला को 6-0, 6-0 से, तीसरी वरीयता प्राप्त जोगराजसिंह राज ने वी. वेंकटेश को 6-1, 6-3 से, आरुष खन्ना ने हेतांश के. प्रकाश को 6-0, 6-0 से, अथर्व चावड़ा ने दिव्यराज बनी को 6-2, 6-1 से, चौथी वरीयता प्राप्त ए. उपाध्याय ने यशेष तनेजा को 6-2, 6-2 से, भौमिक पूजाला ने समन्यु शुक्ला को 6-0, 6-1 से हराकर अगले दौर में अपना स्थान सुनिश्चित किया।




# विशेष बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर शुरू



**इंदौर।** अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी द्वारा आयोजित सरताज विशेष बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी, खंडवा रोड पर शुरु हुआ । बेहतर खिलाड़ी और बेहतर नागरिक बनाने के संकल्प के साथ राष्ट्रीय बैडमिंटन रैफरी और प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा विशेष प्रशिक्षण दे रहे हैं, यह शिविर चुनिंदा बच्चों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए हैं।

अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में नियमित ग्रीष्मकालीन जूनियर बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर भी शाम के सत्र में चल रहा हैं । हर्ष सरग प्रशिक्षण दे रहे हैं, अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी के शिविर के लिए प्रशिक्षक हर्ष सरग से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक और प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा ने बताया कि सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 32वां सरताज ग्रीष्मकालीन जूनियर बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर नारायण बाग बाल विकास केंद्र में चल रहा हैं । शिविर के लिए शाम 6.30 से 8 बजे तक धर्मेश यशलहा से नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हाल में सम्पर्क किया जा सकता हैं। नियमित योग ध्यान और, संकल्प भी कराया जाता हैं। शिविर के माध्यम से सालभर खेलने वाले बच्चों खिलाड़ियों का चयन भी होगा।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **नंदराजजी पिता राजू** पता 276 शिवाजी नगर इन्दौर पिन नं. 1000881104 झोन क्र. 03 वार्ड 56 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **भाऊ साहेब पिता वामनराव चौरे** पता 302-5 शिवाजी नगर इन्दौर पिन नं. 1000881223 झोन क्र. 03 वार्ड 56 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**


# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिका के लिए चार दिन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने सभी स्कूलों के प्राचार्य को पत्र भेजकर सूचित किया कि जो भी विद्यार्थी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की हुई प्रतियां प्राप्त करना चाहता है उसके लिए अब 22 मई और 23 मई की तिथि घोषित की गई है। सीबीएसई वेबसाइट पर सत्यापन के बाद सुविधाएं दी जा रही है। मूल तिथि 22 मई और विस्तारित तिथि 23 मई है, जिसका लाभ विद्यार्थी उठा सकते हैं।

# यूपी और दिल्ली पुलिस का छापा, आरोपियों को मेडिकल के लिए पहुंचाया एमवाय



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** ग्वालटोली थाना इलाके के कार्पोरेट हाउस स्थित बीजेटी ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड पर करीब 20 घंटे तक चली सर्चिंग की कार्रवाई और पूछताछ के बाद यूपी-दिल्ली पुलिस की टीम ने 4 लोगों को हिरासत में लिया है जिन्हें मेडिकल के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया। उक्त कंपनी द्वारा धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस की टीम इंदौर पहुंची थी। कंपनी द्वारा चिटफंड की तर्ज पर काम कर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। फिलहाल दिल्ली और यूपी पुलिस की टीम की कार्रवाई जारी है।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती ललिता पति श्री अनूप कुमार गुप्ता** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1004517102 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 53/1 9 अन्य का पैकी भाग टिगरिया राव कनाडिया सत्यम लक्झुरिया इन्दौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



**न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौली हप्सी इन्दौर**

क्रमांक/2631/रीडर/2026 दिनांक-10/05/2026
प्रकरण क्र.-344/अ-6/26-27

**-:उद्घोषणा:-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक माया धबाई पिता लक्ष्मण सिंह गुर्जर (पति क़पिल धबाई) पता 17 रत्नेश्वर रोड रुद्रधाम कॉलोनी रतलाम द्वारा मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर पंजीकृत त्याग पत्र क्र. MP7IGR17522025A100131994 दिनांक 04/03/2025 के आधार पर ग्राम दुधिया स्थित भूमि सर्वे न. क्रमशः 51, 52/1/1, 54/1 रकबा क्रमशः 0.979, 0.070, 0.090 हैक्टेयर भूमि पर अनावेदक लक्ष्मण सिंह पिता महाराज सिंह गुर्जर पता ग्राम दुधिया इंदौर के स्थान पर राजस्व रिकार्ड में नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 25/05/26 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील भिचौली हप्सी इन्दौर**

# हार के बाद खुद पर काबू नहीं कर पाए ऋषभ पंत

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पांच विकेट पर 220 रन बनाने के बावजूद 7 विकेट से शिकस्त झेलने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनकी टीम बेहतर शुरुआत के बाद आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने में नाकाम रही। राजस्थान रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी की 38 गेंदों में 93 रन की विस्फोटक पारी के दम पर 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 225 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। इस बीच हार के बाद पंत खासे नाराज भी नजर आए और उन्होंने इसी बीच एक अभद्र शब्द का इस्तेमाल भी कर दिया।



**मैच के बाद पंत ने क्या कहा?–** ऋषभ पंत ने मैच के बाद प्रसारकों से कहा, 'इसे कई तरीकों से देखा जा सकता है। बीच के ओवरों में और आखिरी ओवर में जिस तरह जोफ्रा आर्चर ने गेंदबाजी की वह बेहद शानदार थी। लेकिन इस तरह की बल्लेबाजी पिच पर जब आपको इतनी अच्छी शुरुआत मिले तो पांच-दस रन और बनाने चाहिए थे। आखिरी ओवरों में हम उस शुरुआत का पूरा फायदा नहीं उठा सके।'

**क्यों हार गई टीम?-** उन्होंने बल्लेबाजों के लिए मददगार पिच पर लक्ष्य बचाने की चुनौती को लेकर कहा, 'यह निश्चित तौर पर मुश्किल होता है, क्योंकि आप हमेशा अपने गेंदबाजों का समर्थन करना चाहते हैं, लेकिन कई बार हालात कठिन हो जाते हैं। ऐसी विकेट पर गेंदबाजों के पास गलती की गुंजाइश बहुत कम होती है। बहुत ज्यादा सलाह देना भी काम नहीं करता। ऐसे में योजना को सरल रखना हर गेंद पर ध्यान देना और उसे सही तरीके से लागू करना जरूरी होता है।'

**शमी पर दिया ये बयान-** एलएसजी को इस मैच में अनुभवी मोहम्मद शमी की कमी खली और पंत ने अनुभव की अहमियत पर जोर देते हुए कहा, चाहे हालात अच्छे हों या बुरे अनुभव ऐसी चीज है जिसकी कमी हमेशा महसूस होती है। अनुभव रातों-रात हासिल नहीं होता, इसके लिए सालों की मेहनत लगती है। दबाव वाले मुकाबलों में यही चीज आपको दूसरों से आगे रखती है।

**फिर कह दिया अश्लील शब्द-** टीम के लगातार खराब नतीजों के बावजूद ऋषभ पंत ने खिलाड़ियों का समर्थन करते हुए कहा, मैंने पहले भी कहा हम अपनी टीम पर गर्व करते हैं। मौजूदा स्थिति कुछ भी हो हमारे पास जिस तरह की टीम है हमें पता है कि हम मैच जीत सकते हैं। हालात हमारे पक्ष में नहीं गए यह हर कोई जानता है लेकिन इससे यह सच नहीं बदलता कि हम एक बेहद मजबूत टीम हैं। यहीं अपनी बात खत्म करते हुए पंत ने एक अश्लील शब्द का इस्तेमाल किया, जिसे हम यहां नहीं लिख सकते हैं।

# स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ियों ने शिरकत की



**इंदौर।** मध्य प्रदेश राज्य स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम इंदौर में किया गया। जिसमें 250 से ज्यादा खिलाड़ियों ने शिरकत की। प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप जबलपुर ने जीती। रनरअप मेजबान इंदौर रहा। तृतीय स्थान ग्वालियर ने हासिल किया।

प्रतियोगिता के दौरान विधायक गोलू शुक्ला, दीपेंद्र सिंह सोलंकी, रितेश विरांग उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के अलावा जबलपुर संभाग, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर रीवा, नर्मदापुरम संभाग के 250 से भी अधिक महिलाओं और पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया ।

प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग के फाउंडर मेंबर सतीश यादव, सावित्री यादव भी उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों का स्वागत सतीश यादव, कैलाश सुरगे, डॉ राजेन्द्र नायक, सुरेश शर्मा, बृजभूषण लडिया, घनश्याम पाल रवि यादव जी ने किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक हरजिंदर कन्नौज, गुलाब सिंह गुड़िया (झाबुआ), राजेश भारती (उज्जैन), घनश्याम पाल, बृजभूषण लडिया, अशोक सोनी (बड़वानी), उमेश मेड़ा (झाबुआ), मुकुल (ग्वालियर), गुरु चरण श्रीवास्तव (जबलपुर), बब्बी यादव (ग्वालियर), यश हार्डिया, आर्यन, नरेन्द्र तिवारी (जबलपुर) एवं महेन्द्र ठाकरिया रहे। आभार रितेश विरांग ने माना। संचालन मोहन सिंह राठौर ने किया। प्रतियोगिता के परिणाम निम्न प्रकार से हैं।

**स्ट्रॉन्ग वूमनः इंकलाइन बेंच प्रेस-टीन एजः-** धनश्री जाटव(जबलपुर), सब जूनियरः- इति यादव(ग्वालियर), जूनियरः- आस्था कोरी(जबलपुर), सीनियरः- तुषी दास(जबलपुर), एम 1:- प्रतीक्षा विश्वकर्मा(जबलपुर), एम 2:- रेखा ठाकरिया(इंदौर),

**स्ट्रॉन्ग मेनः-** इंकलाइन बेंच प्रेस, टीन एजः- सनी नकवाल(इंदौर), सब जूनियरः- आर्यन डीडवाल ( इंदौर), जूनियरः- यस हार्डिया(इंदौर), सीनियरः- प्रदीप अग्रवाल(ग्वालियर), एम 1:- कैलाश सुरगे (इंदौर), एम 2:- संसार पाल बक्षी (ग्वालियर), एम 3:- गुरचरण श्रीवास्तव(जबलपुर)।

## राधिका को आंबेडकर राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** स्पोर्ट्स अकादमी की खिलाड़ी आर डी विक्टोरियस की ट्रेनर व सह कोच एवं मध्यप्रदेश एस के आई एफ कराते टीम की कप्तान सेंसई राधिका पंचोले को आंबेडकर खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें हाल ही में कोड़ाई कराते कप के लिए मध्यप्रदेश टीम की कमान भी सेंसई की तरह सौंपी गई थी जिसमें उन्हें 5 स्वर्ण पदक प्राप्त हुए । वे इसके पहले भी नेपाल की अंतराष्ट्रीय कराते स्पर्धा में स्वर्ण एवं कन्याकुमारी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी है । वे अब 12वीं माउंट एवरेस्ट अंतराष्ट्रीय स्पर्धा जो कि 29 से 31 मई को काठमांडू में आयोजित की जावेगी।



## मध्यप्रदेश के इशिमत अरोरा ने जीता ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा का खिताब



**इंदौर।** गोवा में आयोजित योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सबजूनियर रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा (अंडर-13) में मध्यप्रदेश के उभरते शटलर इशिमत अरोरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक एकल वर्ग का राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। इशिमत ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग खिताब जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। मध्यप्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल चौघुले ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पर्धा में पाँचवीं वरीयता प्राप्त इशिमत अरोरा ने फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड के सार्थक जोशी को बेहद संघर्षपूर्ण तीन गेमों में 22-20, 8-21, 21-19 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वर्तमान में गोपीचंद अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इशिमत ने क्वार्टर फाइनल में प्रथम वरीयता प्राप्त आंध्रप्रदेश के रेहान दुदेकुला को 21-17, 21-16 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इसके बाद सेमीफाइनल में पंजाब के रबिगुल अंजि को 24-22, 19-21, 21-13 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इशिमत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मध्यप्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश केमकर, सचिव अनिल चौघुले, मुख्य कोच अमित कुलकर्णी, कोषाध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष जयसिंह एवं समस्त पदाधिकारियों ने हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित कीं।

# वैभव ने क्यों किया अनोखे सेलिब्रेशन, खुद कही बड़ी बात

**जयपुर।** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ महज 38 गेंदों पर 93 रनों की आतिशी पारी खेलने वाले राजस्थान रॉयल्स के 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इस समय हर तरफ छाए हुए हैं। इस करो या मरो वाले मुकाबले में वैभव ने न सिर्फ 5 ऐतिहासिक महा-रिकॉर्ड बनाए, बल्कि टीम के लिए सबसे नाजुक समय पर प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी जीता। अपनी इस तूफानी पारी के दौरान वैभव ने मैदान पर अपने अनोखे सेलिब्रेशन से भी सबका ध्यान खींचा। मैच के बाद जब उनसे उनके इस खास और नए सेलिब्रेशन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बेहद बेबाकी और मासूमियत से इसका जवाब दिया।



मैदान पर अर्धशतक पूरा करने के बाद अपने खास स्टाइल में जश्न मनाने को लेकर वैभव सूर्यवंशी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सर, मुझे खुद नहीं पता! मैं बस हर मैच में कुछ न कुछ नया सेलिब्रेशन करने की कोशिश करता हूं। इसके पीछे मेरी कोई प्लानिंग नहीं होती और न ही इसका कोई खास मतलब या संदेश होता है। यहाँ तक कि पिछले मैच में मैंने जो सेलिब्रेशन किया था, उसका भी कोई मतलब नहीं था। मैं बस मैदान पर नई-नई चीजें ट्राई करता रहता हूं।' लखनऊ के 221 रनों के पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव ने शुरुआत में थोड़ा समय लिया, लेकिन फिर देखते ही देखते लखनऊ के गेंदबाजों को रिमांड पर ले लिया। अपनी इस रणनीति पर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'जब हमारी गेंदबाजी चल रही थी, तो मैं बाहर बैठकर विकेट को देख रहा था।

## ग्रीष्मकालीन वेटलिफ्टिंग, पॉवरलिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन

**इंदौर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' के अंतर्गत वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर का 5 मई से श्रीराम जिम रोबोट चौराहे पर संचालित हो रहा है, इसके साथ ही यहां पॉवरलिफ्टिंग का भी प्रशिक्षण शिविर निःशुल्क रूप से संचालित रहा है। शिविर का अवलोकन इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक कर्दम द्वारा राष्ट्रीय खिलाड़ी कमलेश कर्दम, राजा भैया के साथ किया गया । इस इस दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ उनको हर वह मदद जो मीडिया के माध्यम से दी जा सकती है, उसके लिए आश्वस्त किया । साथ ही खिलाड़ियों को खेल के साथ पढ़ाई पर भी उतना ध्यान को कहा कि अवसर पर जिम पर वेट लिफ्टिंग और पॉवरलिफ्टिंग के प्रशिक्षक धर्मेंद्र पालीवाल, चिराग़ जोशी, दिलीप भूरिया, उपस्थित थे। अतिथि स्वागत शुभम जैन, मनीष लश्करी, मीना शर्मा, तनिष्क पालीवाल ने किया।

# पुलिस बॉयज, अहिल्या आश्रम स्कूल जीते

**इंदौर।** ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व हॉकी इंदौर एसोसिएशन द्वार स्थानीय चिमनबाग हॉकी मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय 39वां ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर मे भाग ले रहे खिलाडियो के मेजर ध्यानचंद स्मृति हॉकी स्पर्धा का शुभारंभ हॉकी इंदौर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व पूर्व सेंट्रल एक्साइज अधिक अधिकारी डा. ए के दास ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता हॉकी इंदौर एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष नजमुदीन खुर्शीद ने की ।



विशेष अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाडी प्रियंका यादव, राष्ट्रीय हॉकी कोच मो याकुब अंसारी, शिवकुमार चौहान थे। पहला मैच बालक वर्ग मे पुलिस बॉयज व यंग डी आर पी के बीच खेला गया जिसमें पुलिस बॉयज 1-0 से विजय प्राप्त की प्रियांशु यादव ने एकमात्र गोल किया । बालिका वर्ग में पहला मैच अहिल्या आश्रम स्कूल व शाईन स्टार क्लब के बीच खेला गया जिसमें अहिल्या आश्रम स्कूल 2-1 से विजय रही । विजय टीम की ओर से दीपाली सोनी व भारती गौतम ,ने एक एक गोल किया । इस अवसर पर नितिश गौड, राजपाल सिंह लकी, दीपक यादव, अभिषेक यादव, गुलाम साबिर, विजय गहलोत, अनमोल शुक्ला ,जयेश व्यास, आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला ने किया व अंत मे ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर के कोच अतुल खुणे ने आभार व्यक्त किया।

# सायरन बजाती टक्कर मारती हुई कार निकल गई

## जिसको टक्कर लगी वह बाइक से भिड़ गई, फिर दोनों ग्रुप करने लगे तकरार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कल रात ठीक 12 बजे के करीब बगैर नम्बर की एक कार सायरन बजाती हुई आड़ा बाजार यशवंत रोड से निकली। एक कार क्रमांक एमपी-11 सीसी 7534 भी साइड से चल रही थी, जब सायरन वाली कार निकली तो परिवार की महिलाओं की मौजूदगी में इस कार चालक ने अपनी कार को एक साइड करने की कोशिश की उधर सायरन बजा रही कार की गति भी तेज थी इसी कारण उसने कार को टक्कर मारी और सनसनाती हुई आगे निकल गई। टक्कर के बाद महिलाएं बैठी कार थोड़ी अनियंत्रित हुई और समीप चल रही बाइक से वह कार टकरा गई। इधर कार रूकी उधर बाइक पर सवार युवाओं ने कार चालक से विवाद शुरू कर दिया। कार चालक ने बताया कि उसकी कोई गलती नहीं है उसके समीप से सायरन बजाती कार निकली और उसने टक्कर मारी, जिससे वह अनियंत्रित हो गया। युवाओं की भाषा सख्त थी, कार में बैठी महिलाएं घबरा रही थी क्योंकि कार भी धार पासिंग थी। इसलिए जैसे-तैसे इन कार चालक और महिलाओं ने युवाओं के हाथ जोड़े और अपना पिछा छुड़ाया। इधर सायरन बजाती कार टक्कर मारकर निकल गई, लेकिन पीछे विवाद की लकीर छोड़ गई।



# सांसद के बंगले के सामने मंगेतर को छोड़कर लौट रहे युवक को घेरकर चाकू मारा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पलासिया थाना क्षेत्र में देर रात चाकूबाजी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अपनी मंगेतर को घर छोड़कर लौट रहे एक युवक का तीन बदमाशों ने स्कूटर से पीछा किया और पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित सांसद शंकर लालवानी के बंगले के ठीक सामने उसे घेर लिया। बदमाशों ने तू हमारे मोहल्ले में क्यों आता-जाता है और बात-बात पर विवाद करते हुए युवक को बेरहमी से पीटा और पीठ व हाथ पर चाकू से वार कर दिया। पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पलासिया पुलिस के मुताबिक, वारदात देर रात करीब 12:10 बजे की है। घायल युवक की पहचान अविनाश निवासी पंचम की फेल के रूप में हुई है। अविनाश ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार रात करीब सवा नौ बजे अपनी मंगेतर को छोड़कर मोटर साइकिल से घर लौट रहा था। रास्ते में उसे उसका दोस्त अतुल सुरवाड़े मिल गया, जिसे उसने अपनी बाइक पर साथ बैठा लिया। दोनों जब पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित सांसद के बंगले के सामने पहुँचे, तभी पीछे से एक स्कूटर पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने उनकी बाइक के आगे अपनी गाड़ी अड़ाकर उन्हें रोक लिया। गाड़ी रोकते ही आरोपियों ने अविनाश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उन्होंने तैश में आकर कहा कि, तू हमारे मोहल्ले में क्यों आता-जाता है इतना कहते ही बदमाशों ने अविनाश को बाइक से नीचे खींच लिया और लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसी बीच एक आरोपी ने अपनी कमर से धारदार चाकू निकाला और अविनाश की पीठ व हाथ पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। अविनाश के दोस्त अतुल ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की और शोर मचाया, तो पकड़े जाने के डर से आरोपी वहां से भाग निकले। भागते समय बदमाशों ने धमकी दी कि आइंदा अगर हमारे मोहल्ले में दिखे, तो जान से खत्म कर देंगे। रात में वीआईपी क्षेत्र में हुई इस वारदात की सूचना मिलते ही पलासिया पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुँची और घायल अविनाश को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने फरियादी अविनाश की रिपोर्ट पर तीनों हमलावरों मोनू उर्फ अभिषेक सिंगारे निवासी विनोबा नगर, सुजल कनोजिया निवासी इंदिरा नगर और कुलदीप बौरासी निवासी बड़ी ग्वालटोली के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बैंक कर्मचारी ने ही कर दिया बड़ा फर्जीवाड़ा

## बिना बताए जारी किया एटीएम, खाते से उड़ाए 4.89 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

राजेंद्र नगर इलाके में एक निजी बैंक के कर्मचारी ने ही ग्राहक के विश्वास का कत्ल करते हुए उसके खाते से लाखों रुपये की चपत लगा दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के बिजलपुर की है। फरियादी महिला द्रोपती बाई पति हीरालाल वर्मा निवासी बिजलपुर, ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके देवर सत्यनारायण का खाता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की बिजलपुर शाखा में है। इसी शाखा में कार्यरत कर्मचारी विष्णु शर्मा निवासी बिहारी मोहल्ला, पोरसा, जिला मुरैना ने बेईमानी की नीयत रखते हुए सत्यनारायण की जानकारी और सहमति के बिना उनके खाते पर एक नया एटीएम कार्ड जारी करवा लिया।आरोपी बैंक कर्मी विष्णु शर्मा ने इस फर्जी एटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर 3 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 के मध्य महज 11 दिनों के भीतर अलग-अलग ट्रांजैक्शंस के जरिए खाते से 4,89,066 रुपये की भारी-भरकम राशि धोखाधड़ी पूर्वक निकाल ली। इतना ही नहीं, आरोपी ने द्रोपती बाई और उनके देवर सत्यनारायण के बैंक खातों से रुपयों का अवैध ट्रांसफर भी किया और रकम अपने व्यक्तिगत उपयोग में ले ली। जब पीड़ित परिवार को खाते से इतनी बड़ी रकम गायब होने का पता चला, तो उनके होश उड़ गए। बैंक प्रबंधन से शिकायत के बाद मामला पुलिस तक पहुँचा।राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने फरियादी द्रोपती बाई की शिकायत और बैंक स्टेटमेंट के प्रारंभिक दस्तावेजों के आधार पर आरोपी बैंक कर्मचारी विष्णु शर्मा के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# डीपी से निकला आग का गुबार



इन्दौर। लैटर्न चौराहा के समीप स्थित एसबीआई बैंक के सामने एक डीपी में आग लग गई। तेज गर्मी के चलते डीपी पर लोड बढ़ गया। जिसके कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। कुछ ही मिनटों में डीपी धूं-धूं कर जल उठी और उसमें से आग का गुबार नजर आया।

# बेलमोर्ट पार्क के मेंटेनेंस ऑफिस में भीषण आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूडिया थाना क्षेत्र के बेलमोर्ट पार्क स्थित मेंटेनेंस और टाउनशिप बिल्डर कार्यालय में आज सुबह अचानक आग लग गई। हादसे में ऑफिस में रखा पूरा सामान और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए। सूचना मिलने पर पहुँची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, आग बेलमोर्ट पार्क के मेंटेनेंस ऑफिस में लगी थी, जहाँ टाउनशिप बिल्डर का भी कार्यालय संचालित होता है। आज सुबह करीब 5 बजे वहां तैनात सुरक्षाकर्मी ऑफिस से धुआं निकलते देखा गया, आग की लपटें देख आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर पानी डालकर उसे बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की तीव्रता के कारण वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुँचकर पानी की बौछारें कर आग को पूरी तरह नियंत्रित किया। आग लगने का सटीक कारण फिलहाल अज्ञात है।





# सब्जी दुकान में भड़की आग, शॉर्ट सर्किट से हादसे की आशंका

इन्दौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र के अंतर्गत खंडवा रोड स्थित अनुराधा नगर में आज अलसुबह एक सब्जी की दुकान में आग लग गई। इस हादसे में दुकान के भीतर रखा पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड के अनुसार, आग अनुराधा नगर निवासी बबली पति प्रीतम सिंह की सब्जी दुकान में लगी थी। सुबह तड़के अचानक दुकान से लपटें उठती देख क्षेत्र के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुँची और करीब 1000 लीटर पानी का उपयोग कर आग पर पूरी तरह काबू पाया। शुरुआती जांच और परिस्थितियों के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से यह आग भड़की होगी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।